




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023



आचार्य रवीन्द्र ज्योतिषाचार्य (चित्रकूट वाले)
हर समस्या का समाधान : कुण्डली एवं हस्त रेखा के माध्यम से जीवन में आने वाली परिशानियों को जानें।
प्रेम विवाह, बिजनेस एवं विदेश यात्रा में रुकावट आदि।
पता- होटल सुनालिया रूम नं. 38
मिलने का समय : सायं 5 बजे से 8 बजे तक
मो.नं.-7879910464



वर्ष 34 अंक 294 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 25 जुलाई 2023 डाक 26 जुलाई 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की।



**देश-विदेश**
गंगा किनारे बढ़ेगा रोजगार, 16 कम्युनिटी जेटी बनकर हुईं तैयार, नावों व स्टीमरों से होगा व्यापार



**फीचर पेज**
मानसून में पैरों की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स




# मणिपुर के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है विपक्ष, 'इंडिया' की बैठक में हुआ फैसला

**नईदिल्ली, 25 जुलाई [एजेंसी]।**

मणिपुर के मुद्दे पर संसद में चल रहा गतिरोध कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है. इस बीच खबर आई है कि केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है. सूत्रों के अनुसार, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक में इसे लेकर फैसला हुआ है. बैठक में यह भी तय हुआ कि विपक्ष मणिपुर के मुद्दे पर सदन में पीएम के बयान की मांग पर कायम रहेगा.मणिपुर के मुद्दे पर पिछले कई दिनों से हंगामा जारी है. संसद का मानसून सत्र शुरू होने के एक दिन पहले मणिपुर में 4 मई को महिलाओं को घुमाए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद राजनीति गर्म है. विपक्षी दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मणिपुर के मुद्दे पर बयान की मांग कर रहे हैं. हालांकि, 20 जुलाई को सत्र शुरू होने से पहले संसद के बाहर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने मणिपुर की घटना को शर्मनाक बताते हुए दोषियों की कड़ी सजा दिलाने की बात कही थी. लेकिन विपक्ष का कहना है कि पीएम को सदन के अंदर बयान देना चाहिए.

मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा को लेकर संसद में रोज हंगामा हो रहा है, जिसके चलते एक भी दिन ढंग से काम नहीं हुआ है. मंगलवार (25 जुलाई) को इसी मुद्दे पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल दलों की बैठक हुई. सूत्रों के अनुसार इस बैठक में सभी दलों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने का




फैसला किया. विपक्षी दलों ने इसके साथ ही दोनों सदनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग जारी रखने का भी फैसला किया है. संसद भवन परिसर में धरने पर बैठे आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जब तक जवाब नहीं देंगे गतिरोध यूं ही बना रहेगा पीएम को जवाब देना होगा. संजय सिंह को सोमवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया था.आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा, मणिपुर की घटना से दिल दहल गया है. प्रधानमंत्री को मन की बात की जगह मणिपुर की बात करना चाहिए. सरकार को बहस करना चाहिए. दुनिया के सारे संसद मणिपुर पर चर्चा पर गंभीर है. भारत की संसद में इस पर चर्चा क्यों नहीं हो रही है, आप सांसद ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।

## ईस्ट इंडिया की तरह विपक्षी दलों ने बनाया इंडिया : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** को विपक्षी दलों के गठबंधन ढ्ढहृष्ठढ्ढ की तुलना ईस्ट इंडिया से की और कहा कि उन्हीं की तरह विपक्ष ने 'इंडिया' गठबंधन बनाया है. उन्होंने कहा कि अंग्रेज आए और उन्होंने अपना नाम ईस्ट इंडिया कंपनी रखा, उसी तरह विपक्ष अपने को 'इंडिया' के नाम से पेश कर रहा है.

बीजेपी संसदीय दल की मीटिंग में प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष का काम प्रदर्शन करना है, उन्हें करने दें और आप लोग अपने काम पर ध्यान दें. उन्होंने कहा कि उनका मकसद 2027 तक भारत को विकसित देश बनाना है और तीसरे टर्म में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है.

पीएम ने कहा कि विपक्ष दिशाहीन है उसने मन बना लिया है कि वह विपक्ष में ही रहना चाहते हैं. पीएम ने कहा कि 2027 तक देश को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि देश की हर विधानसभा से एक अमृत कलश जिसमें मिटटी भरी होगी वह दिल्ली लाया जाएगा और दिल्ली में अमृतवन का निर्माण होगा.

बीजेपी सांसद रविशंकर ने भी ढ्ढहृष्ठढ्ढ पर हमला बोला और कहा कि आजकल लोग इंडियन मुजाहिद्दीन भी नाम रखते हैं, इंडियन पीपल्स फ्रंट भी नाम रखते हैं तो चेहरे पर चेहरे लगाते हैं, सच्चाई कुछ और है.

उन्होंने यह भी कहा, ÷हमें पीएम मोदी ने आशा जगाई है कि 2024 में भी हम ही आने वाले हैं. देश भी यही जानता है, विपक्ष भी समझता है कि लेकिन बार-बार विरोध करना, वो मान चुके हैं कि उन्हें सत्ता में नहीं आना और उन्होंने एक बहुत बड़ी टिप्पणी की कि इंडियन नेशनल कांग्रेस अंग्रेजों ने बनाया था, ईस्ट इंडिया कंपनी भी अंग्रेजों ने बनाई थी. उन्होंन हम लोगों से कहा कि हम जागृत हों सुबह की भोर की तरह, देश हमारी पुन÷ अपेक्षा कर रहा है.

# तेंदूखेड़ा का पौड़ी जलाशय फूटा प्रशासन ने खाली कराए गांव



**दमोह, 25 जुलाई [एजेंसी]।**

तेंदूखेड़ा का पौड़ी जलाशय मंगलवार की सुबह पांच बजे फूट गया जिसमें दो ग्राम में मकान, खेत खलियां के साथ घर गृहस्थी का सामान भी डूब गया। बचाव दल के साथ पुलिस प्रशासन पहले ही मौके पर पहुंच गया था इसलिये जनहानि नहीं हो पाई। अधिकारियों ने लोगों को निकालकर दूसरी जगह भेज दिया था। मंगलवार सुबह तालाब फूटा तो मोके पर मौजूद अधिकारी पुलिस कर्मी भी पानी के तेज बहाव को देखकर दंग रह गए।सोमवार को ज़ब ग्राम पौड़ी के लोग तालाब के पास पहुँचे तो उसमें सुराग दिखा जिसकी सूचना जल संसाधन विभाग को दी गई जल संसाधन विभाग के साथ तहसीलदार मोनिका वाघमारे और सोमवार के दिनभर, थाना प्रभारी श्याम बेन मौके पर उपस्थित रहते हुए उन्होंने पहले सुराग को बन्द करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। उसके बाद तेंदूखेड़ा तहसीलदार मोनिका बाघमारे ने मामले से दमोह कलेक्टर मयंक अग्रवाल को अवगत कराया। उनके निर्देश पर देर रात पुलिस प्रशासन ने ग्रामों को खाली करवाना शुरू किया और तालाब फूटने के पूर्व दो ग्रामों को खाली कराया गया।ग्राम पौड़ी और जेतगढ़ में बने घर सात से आठ फीट पानी मे डूब गए। मात्र दो से तीन फीट ही मकान पानी से बाहर दिखाई देते रहे जबकि खेत खलियान और किसानों की सामग्री सभी डूब गई। तेंदूखेड़ा एस डी एम अबिनाश रावत, तेंदूखेड़ा तहसीलदार मोनिका वाघमारे, जनपद सीईओ मनीष बागरी, तारादेही थाना प्रभारी श्याम बेन, जवेरा टीआइ इंद्रा सीग, इमलिया चौकी प्रभारी आनद अहिरवाल जिले से एस डी आर एफ की टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम रात्रि में ही मौके पर पहुंच गई थी।तहसीलदार मोनिका बाघमारे ने बताया कि तालाब में सुराग की सूचना मिली जिस पर तहसीलदार जल संसाधन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंची थी सुराग से पानी का बहाव कम नहीं हुआ इसलिए दमोह कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम पौड़ी और जेतगढ़ को खाली कराया गया। ग्रामीणों को उनके रिश्तेदार तारादेही स्कूल और अन्य सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है पुलिस प्रशासन सुरक्षा में लगे हुए। इस संबंध में कलेक्टर मयंक अग्रवाल का कहना है कि प्रसासनिक स्तर पर सभी प्रकार की तैयारियां करते हुए ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

## श्रीलंकाई सेना ने नौ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया



**रामनाथपुरम।** श्रीलंका की नौसेना ने अपनी समुद्री सीमा का कथित रूप से उल्लंघन करने पर तमिलनाडु के नौ मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। राज्य के मत्स्य विभाग के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि श्रीलंकाई नौसेना ने दो मशीनीकृत नौकाएं भी जब्त कर ली हैं।उन्होंने बताया कि रामनाथपुरम जिले के मंडपम के रहने वाले मछुआरे सोमवार सुबह मछलियां पकड़ने निकले थे और उन्हें देर रात कच्चाथीवु और नेदुनथीवु के बीच गिरफ्तार कर लिया गया।

## मणिपुर मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**इंफाल, 25 जुलाई।** मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गत 19 जुलाई को इस घटना का वीडियो सामने के बाद पूरे देश में आक्रोश है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को थौबल जिले से सोमवार शाम गिरफ्तार किया गया। इसी के साथ इस मामले में अब तक कुल सात आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो से उन 14 लोगों की पहचान की थी, जो चार मई को दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के कृत्य में शामिल थे।दोनों महिलाओं का आरोप है कि उन्हें मुक्त करने से पहले भीड़ ने उनका यौन उत्पीड़न भी किया था। इस घटना के संबंध में 26 सेकंड का एक वीडियो 19 जुलाई को सामने आया था। वीडियो में दिखाई दे रही एक महिला पूर्व सैनिक की पत्नी है। उसके पति असम रेजिमेंट में सूबेदार के रूप में कार्यरत थे और करगिल युद्ध में भी हिस्सा लिया था। इस घटना के संबंध में शिकायत करीब एक महीने पहले 21 जून को कांगपोकपी जिले के सैकुल पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी।मणिपुर में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में तीन मई को 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के आयोजन के बाद राज्य में भड़की जातीय हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मणिपुर की आबादी में मेइती समुदाय के लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि नगा और कुकी जैसे आदिवासियों की आबादी 40 प्रतिशत है और वे पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

# उद्धव ठाकरे ने केकड़े से की एकनाथ शिंदे की तुलना

**मुंबई, 25 जुलाई [एजेंसी]।**

उद्धव ठाकरे ने आलोचना करते हुए कहा है कि मेरी सरकार बही नहीं, केकड़ों ने तोड़ी है. ठाकरे गुट की ओर से शुरू की गई इस पॉडकास्ट सीरीज में उद्धव ठाकरे का एक इंटरव्यू प्रसारित किया जाएगा। इस इंटरव्यू का संचालन संजय राउत ने किया है. एबीपी माझा के अनुसार, यह इंटरव्यू दो भागों में प्रसारित किया जाएगा. पहला और दूसरा एपिसोड क्रमशः बुधवार और गुरुवार सुबह आठ बजे प्रसारित किया जाएगा.

पिछले चार सालों में महाराष्ट्र की राजनीति और उसके बाद के राजनीतिक घटनाक्रम में उथल-पुथल मची हुई है. देवेंद्र फड़णवीस ने दोहराया कि 2019 में उद्धव ठाकरे ने उनकी पीठ में छुरा घोंपा था. उस पर उद्धव ठाकरे ने विस्तृत जवाब दिया है. देवेंद्र फड़णवीस के बयान पर उद्धव ठाकरे ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा, हमने खंजर घोंप दिया, फिर एनसीपी ने ऐसा क्या किया कि आप उनके



साथ चले गए. उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे को चुनौती देते हुए कहा है कि हर दिन दिल्ली के खिलाफ प्रदर्शन करना हमारी संस्कृति नहीं है.ठाकरे गुट द्वारा 'आवाज कुणाचा' पॉडकास्ट लॉन्च किया गया है. आगामी चुनावों की पृष्ठभूमि में, यह पॉडकास्ट ठाकरे गुट द्वारा शिवसेना के यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया गया है. लोगों के सवालों के साथ-साथ महाराष्ट्र के भविष्य की सोच .. स्पष्ट और गहन जानकारी के साथ अब शिवसेना ठाकरे समूह के पॉडकास्ट आवाज कुनाचा में सुना जा सकता है. आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए, शिवसेना के ठाकरे समूह की भूमिका, लोगों के सवाल और उनके जवाब, कार्यकर्ताओं के मन में भ्रम, इस पॉडकास्ट के माध्यम से ठाकरे समूह जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और लोगों तक जानकारी पहुंचाएगा. ठाकरे गुट के नेता उद्धव ठाकरे ने इस साल अपना जन्मदिन नहीं मनाने का फैसला किया है. रायगढ़ जिले में इरशालवाड़ी भूस्खलन के कारण उन्होंने इस साल अपना जन्मदिन नहीं मनाने का फैसला किया है. इससे पहले राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्रियों अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस ने भी इस साल अपना जन्मदिन नहीं मनाने का फैसला किया था.

### एकनाथ शिंदे अवैध मुख्यमंत्री : प्रियंका चतुर्वेदी

उद्धव बाला साहब ठाकरे शिवसेना की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने महाराष्ट्र के तत्कालीन सीएम एकनाथ शिंदे पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी ने शिंदे को सिर्फ इस्तेमाल किया है और वह आने वाले दिनों में उनको सीएम पद से हटा देगी. वहीं सांसद ने मणिपुर को लेकर भी पीएम मोदी को घेरा और कहा कि पीएम मोदी को राज्य में हो रही हिंसा की घटनाओं के ऊपर सदन के अंदर आकर जवाब देना चाहिये.

कोर्ट ने सुनाया फैसला

## एयर होस्टेस सुसाइड केस में गोपाल बरी



**नई दिल्ली,25 जुलाई।** एयर होस्टेस गीतिका शर्मा की आत्महत्या मामले में आरोपित और हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल गोयल कांडा और अरुणा चढ्डा को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बरी कर दिया है।पांच अगस्त 2012 में एमडीएलआर एयरलाइंस की पूर्व निदेशक गीतिका ने अपने अशोक विहार स्थित घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शर्मा ने अपनी मौत के लिए में गोपाल कांडा और एमडीएलआर के मैनेजर अरुणा चड्ढा को जिम्मेदार ठहराया था।

## जिला अस्पताल में लगी आग नर्स ने बचाई नवजातों की जान

**नारायणपुर,25 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में स्थित जिला अस्पताल में उस वक्त अफरातफरी मच गई जब लेबर वार्ड में आग लग गई। हालांकि इस घटना में सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। वहीं, आग लगने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड में आग लगते ही महिला नर्स ने नवजातों की जान बचाई। वहीं, अन्य कर्मचारियों द्वारा आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग लगने का कारण सामने नहीं आ पाया है। वहीं, जांच की जा रही है कि आग किस वजह से लगी।

मुस्लिम अफसरों की कमी पर भड़के ओवैसी

## हनीट्रैप पर कहा- धर्म छोड़िए, पूछो ये हवस और देश में किसे चुनेंगे?

**हैदराबाद, 25 जुलाई (एजेंसी)।**एआईएमआईएम नेता और हैदराबाद सांसद ओवैसी ने सोमवार (24 जुलाई) को ट्वीट कर लिखा, भारत के जासूसी और इंटेलिजेंस एजेंसियों में मुस्लिम अफ़सरों की कमी वाले मेरे ट्वीट पर लोगों ने बहुत सारे सवाल उठाए. मुसलमानों से पूछा जाता है कि मज़हब और मुल्क के बीच में किसे चुना जाएगा।

ओवैसी ने आगे कहा, पता नहीं कितने लोग देश की सुरक्षा का सौदा करते हुए पकड़े जाते हैं, ढ्रुस्ढ्ढ महिलाओं के फेक अकाउंट बना कर इन्हें फंसा लेती है. धर्म की बात तो दूर, क्या कोई इन्हें पूछेगा कि ये अपने हवस और देश के बीच किसे चुनते हैं?

असदुद्दीन ओवैसी ने एक दिन पहले 23 जुलाई को ट्वीट कर देश की खुफिया एजेंसियों में मुस्लिम अफसरों की कमी पर सवाल उठाया था. ओवैसी ने ट्वीट कर कहा था, दशकों में पहली बार, इंटेलीजेंस ब्यूरो के शीर्ष नेतृत्व में कोई मुसलमान अफसर नहीं होगा. ये मुसलमानों में बीजेपी के संदेह को दिखाता है. आईबी और रॉ खास बहुसंख्यकवादी संस्थान बन गए हैं।

# 40 करोड़ की हेरोइन जब्त, तीन गिरफ्तार

**नईदिल्ली, 25 जुलाई [एजेंसी]।**

स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और कछार जिला पुलिस की एक संयुक्त टीम ने 40-50 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की है। साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया। एसटीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी की कुछ लोग नशीले पदार्थ की तस्करी करने के मौके में हैं। ऐसे में एसटीएफ और कछार जिला पुलिस की एक संयुक्त टीम ने एक अभियान चलाया। उन्होंने कछार जिले के सिलचर इलाके में एक चार पहिया वाहन को रोका।टीम ने वाहन रोकने का इशारा किया तो उसमें सवार लोग घबरा गए। बाद में पुलिस ने वाहन रोककर तलाशी ली। इस दौरान वाहन से 2.5 किलोग्राम हेरोइन और एक लाख टैबलेट जब्त किए गए। एसटीएफ और कछार जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके से तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने कहा कि 2.5 किलोग्राम हेरोइन की कीमत करीब 40-45 करोड़ रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ कर रही है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# सबसे बड़े दुष्कर्मी गहलोत मंत्रिमंडल में, दुष्कर्म में बना चुके शतक : गुढ़ा

**जयपुर, 25 जुलाई [एजेंसी]।**

जयपुर राजस्थान सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र गुढ़ा बर्खास्तगी के बाद खुलकर बोल रहे हैं। गुढ़ा सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला कर रहे हैं। बिधानसभा में और और सदन के बाहर भी गुढ़ा सीएम गहलोत और उनके मंत्रियों पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। एक मीडिया संस्थान को दिए इंटरव्यू में गुढ़ा ने कहा कि राजस्थान देश में दुष्कर्म के मामलों में नबर वन पर आ गया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मंत्रिपरिषद के साथियों का नारको टेस्ट करा लिए जाएगा तो जेल में बंद दुष्कर्म के कैदी भी उनके सामने छोटे पढ़ जाएंगे। दुष्कर्म में शतक बना चुके लोग मंत्री बने बैठे हैं। अजमेर -92 फिल्म के विलेन तो हमारे साथ हैं। सबसे बड़े दुष्कर्मी तो मंत्रिपरिषद के अंदर हैं। अगर, मेरी बात गलत साबित हो जाए तो मैं राजनीत ही छोड़ दूंगा। इससे पहले 24 जुलाई सोमवार



को राजेंद्र गुढ़ा को सदन से निलंबित कर दिया था। वे सोमवार को बिधानसभा में लाल डायरी लेकर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी के सामने डायरी लहराते हुए कहा कि मुझे बोलने दिया जाए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष जोशी ने कहा कि %कम टू माय चेंबर% यहां सदन में नहीं बोलने दिया जाएगा, आप मुझे डिक्टेट नहीं कर सकते। आप चेंबर में आइए। लेकिन, गुढ़ा इसके लिए तैयार तैयार नहीं हुए। इससे गुस्साए जोशी ने उन्हें सदन से बाहर निकलवा दिया और बिधानसभा की कार्यवाही दो अगस्त के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले 22 अगस्त को राजेंद्र गुढ़ा में सीएम अशोक गहलोत को चेतावनी दी थी। गुढ़ा ने खुद को पद से हटाए जाने को अराजकता बताया था। उन्होंने कहा- मुख्यमंत्री का इकबाल खत्म हो गया है। मैं सोमवार को विधानसभा जाऊंगा और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से वन टू वन जवाब मांगूंगा। इससे साफ हो गया था कि गुढ़ा बर्खास्ती के बाद शांत बैठने वाले नहीं हैं।

दरअसल, महिला सुरक्षा के मुद्दे पर सैनिक कल्याण राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने अपनी ही कांग्रेस सरकार पर सवाल उठा दिए थे। उन्होंने कहा था कि हमें मणिपुर के बजाय अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। हमें ये बात स्वीकार करनी चाहिए कि हम महिलाओं की सुरक्षा में असफल हो गए। प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं, इसलिए हमें मणिपुर के बजाय अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। राजेंद्र गुढ़ा ने अपने गिरेबान में झांकने वाला बयान विधानसभा में दिया था। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौर ने सरकार पर हमला बोलना शुरू कर दिया। भाजपा ने सरकार में मंत्री गुढ़ा के बयान को मुद्दा बनाया।

## लाल डायरी में क्या है और सरकार क्यों घबरा रही है : पुनिया



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने सोमवार को सवाल किया कि कांग्रेस सरकार लाल डायरी को लेकर चिंतित क्यों है। उन्होंने कहा कि न सिर्फ राजस्थान बल्कि पूरे देश में इस बात को लेकर उत्सुकता है कि उस लाल डायरी में क्या है और इसका खुलासा होना चाहिए। उन्होंने विधानसभा भवन में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''देश की जनता जानना चाहती है कि लाल डायरी में क्या है और सरकार क्यों घबरा रही है।''

# पुरूषोत्तम मास में शिव मंदिर बालको नगर में हुआ रूद्राभिषेक, राजस्व मंत्री जयसिंह सहित भक्तों की भागीदारी





**कोरबा।** सावन के पवित्र माह में भगवान शिव पर जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक कराने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। कोरबा विधायक एवं राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा की खुशहाली, समृद्धि एवं स्वस्थ कोरबा की मंगल कामना को लेकर नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 39 में कैलाश नगर बालको स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में स्थित भगवान शिव का महा रुद्राभिषेक कराया इस महापूजन में श्री अग्रवाल के साथ उनकी धर्मपत्नी एवं पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने मिलकर घंटो तक विधि विधान के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक कराया। पंडित रामकृष्ण पाण्डेय के सानिध्य में अन्य पंडितों की उपस्थिति में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए दिव्य मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का आह्वान किया गया और भगवान शिव की पूजा अर्चना कर राजस्व मंत्री ने सपत्नीक जिला एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि भगवान शिव भोले भंडारी हैं और सहज पूजा से ही वे प्रसन्न हो जाते हैं। उन्होंने भगवान शिव से खेती किसानी की समृद्धि की भी कामना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुष्यंत शर्मा, सुधीर शर्मा, मुन्ना साहू, लल्लन ठाकुर, तुलसी केंवट, के के चौकसे, बुद्धेश्वर चौहान, प्रभात डड़सेना, राकेश पंकज, आकाश गोयल, आशीष राव, आशा जोशी, गिरधारी बरेठ, राजू बर्मन, बाबील मिरी, मनोज भारिया, लक्ष्मी साहू, कृपाराम साहू, देवीदयाल सोनी, संजय सिंह, बद्री किरण, एफ डी मानिकपुरी, शशीलता पाण्डेय, पंचराम आदित्य, प्रदीप पुरायणे, देवीकुमारी, पीयुष पाण्डेय, के के चौकसे, मधुरदास, जगन्नाथ थवाईत, मनीष ओगरे, पुष्पा पात्रे, महेश अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक तथा क्षेत्र के श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### परिसर में लगाया ऑवला का पौधा

भगवान शिव का रूद्राभिषेक संपन्न होने के बाद समर्थको के साथ मंदिर परिसर में पौध रोपण कर हरियाली का संदेश दिया। उन्होंने आवला का पेड़ लगाया। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को पौध रोपण के लिये अपील भी की।

### सैकड़ो लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

रूद्राभिषेक सपन्न होने के बाद परिसर में भोग प्रसाद का भी वितरण किया गया। यहां उपस्थित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भोग प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# मैगजीनभाठा मामले को लेकर बवाल एमआईसी सदस्य राठौर ने लगाया आरोप

**कोरबा।** महापौर के आवास का घेराव करने वाले नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल को आड़े हाथ लेते हुए एमआईसी सदस्य संतोष राठौर ने कहा है कि हितानंद की अवैध कब्जे की फितरत है और ऐसे अवैध कब्जाधारियों को वे संरक्षण देने से भी बाज नहीं आते। पंप हाउस में धर्म की आड़ में बेजा कब्जा का प्रयास किये जाने क़ी सूचना के बाद नगर पालिका निगम कोरबा द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने क़ी कार्यवाही को अनावश्यक आस्था का मुद्दा बनाकर सस्ती राजनीति कर रहे है. लेकिन हितानंद इन दिनों केवल टिकट के दावेदारों में सबसे आगे निकलने की होड़ में उल-जुलूल हरकतें कर रहे हैं।एमआईसी सदस्य राठौर ने कहा है कि हितानंद धर्म की आड़ में ही राजनीति करना जानते हैं और लोगों की आस्था को अपनी ढाल बनाकर अपनी राजनीति चमकाना चाहतें हैं। रविवार को वार्ड क्रमांक 14 के पंप हाउस में निगम अमले द्वारा अतिक्रमण क़ी शिकायत के बाद क़ी गई कार्रवाई के लिए भी 50 की संख्या में भाजपाई महापौर के निवास स्थान ज्ञापन सौंपने आए थे। महापौर ने ज्ञापन लिया और उस पर नियमानुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। संतोष ने आरोप लगाते हुए कहा है कि हितानंद के ऊपर अवैध निर्माण एवं शासकीय भूमि पर कब्जे की शिकायत जांच के प्रक्रियाधीन है.कब्जे की लिखित शिकायत मुड़ापार निवासी एचएल साहू ने कलेक्टर से की है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले भी कोरबा में घटित एक सड़क दुर्घटना के मामले में हितानंद ने मीडिया में बयान जारी कर इस घटना के लिए महापौर पर गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज होने की मांग की। प्रदेश में इस वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। हितानंद अग्रवाल भी टिकट के लिए लाइन में हैं और टिकट पाने ग्राउंड बना रहे हैं। राठौर ने कहा कि महापौर द्वारा निरंतर कोरबा शहर के विकासकार्यों को गति दी जा रही है। इसके बावजूद बेवजह विवाद खड़ा करके हितानंद और उनके समर्थक लगातार ओछी राजनीति का परिचय देते हुये विकास कार्यों में बाधा पहुंचाने का कार्य करते है।

### डाटा एन्ट्री ऑपरेटर प्रशिक्षण के आवेदन करें

**कोरबा ।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था करतला में जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले समस्त हितग्राहियों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इच्छुक हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। अधीक्षक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था करतला ने बताया कि संस्था में संचालित एसोसिएट डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कोर्स में प्रशिक्षण हेतु हितग्राही 28 जुलाई 2023 अपना पंजीयन करा सकते है।

# ट्रेड यूनियन के नेता हरिद्वार का हुआ स्वागत



**कोरबा।** कुसमुंडा में नई कार्यकारिणी गठन होने के बाद एटक के केंद्रीय महामंत्री हरिद्वार सिंह का प्रथम आगमन हुआ साथ ही केंद्रीय अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा भी आए कुसमुंडा के एटक के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया द्यकुसमुंडा हाउस में कुसमुंडा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं सचिव के साथ बैठक हुई और विभिन्न मुद्दों पर महामंत्री से चर्चा हुई चर्चा उपरांत एटक कार्यालय विकास नगर के कामरेड मारकण्डेय सिंग सभा कक्ष में आवश्यक बैठक रखा गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कामरेड हरिद्वार सिंह जी केंद्रीय महामंत्री एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय अध्यक्ष कामरेड अजय विश्वकर्मा, एल पी पी अघरिया, एस के सिन्हा, संजू शर्मा, एस के त्रिपाठी, नरेश साहू , दीपक उपाध्याय शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कुसमुंडा के क्षेत्रीय अध्यक्ष विरेंद्र कुमार टंडन ने किया स्वागत भाषण कुसमुंडा के क्षेत्रीय सचिव अजीत सिंह ने किया द्य केंद्रीय अध्यक्ष ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगस्त माह में सदस्यता सत्यापन है और इसकी तैयारी सभी एकजुट होकर करे, संगठन को मजबूत बनाएं द्य केंद्रीय महामंत्री ने जे बी सी सी आई 11 से संबंधित मुद्दों की जानकारी दी साथ ही संगठन के उत्तरोत्तर विकास के लिए दिशानिर्देश एवम मागदर्शन दिए अन्य वक्ता के रूप में कोषाध्यक्ष अलख राम साहू, कुसमुंडा परियोजना के अध्यक्ष महेंद्र यादव,सचिव मुकेश साहू, एरिया जी एम बाडी के अध्यक्ष अश्वनी साह, पूर्व क्षेत्रीय सचिव ए एस एन राव, राधे श्याम कश्यप, गणेश प्रभु ने अपनी बात रखीद्य मंच संचालन श्याम सुंदर ने किया द्य एटक पर भरोसा करके बी एम एस एवम अन्य संगठन के सदस्यो ने एटक में शामिल हुए द्यकार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य के के गभेल, वेदराम, सौरभ पटेल, गजानन यादव, एस बी गौतम, कामता प्रसाद कौशिक, जगन्नाथ गॉड, धर्मेन्द्र सिंह, शिव नारायण, रामलाल जांगड़े, सोहन भारद्वाज, तपेश्वर सिंग,भागवेंद्र तिवारी ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिए एवम कार्यक्रम में सैकड़ों सदस्य शामिल हुए ।

# आंखों में जलन होने की शिकायत को हल्के से न लें: सीएमएचओ



**कोरबा।** जिले में हो रही अनिश्चित बारिश एवं उमस के बीच लोगों में आई-फ्लू का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। एक-दूसरे के संपर्क में आने से स्कूली बच्चों एवं उनके परिवार के सदस्य भी आई-फ्लू से संक्रमित हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन 20-25 आई-फ्लू के मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि आई-फ्लू से संक्रमित मरीजों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। चिकित्सकीय उपचार एवं आवश्यक सावधानी बरतने से यह रोग कुछ दिनों में ठीक हो जाता है। उन्होंने आई-फ्लू संक्रमण के लक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस संक्रमण से मरीज की आंखों में सूजन और दर्द के साथ आँखे लाल होना, एक या दोनो आँख में जलन या खुजली होना, आँखों से असामान्य रूप से अधिक आँसू तथा सफेद गाढ़ा डिस्चार्ज निकलना, आँखो में किरकिरी महसूस होता है। सीएमएचओ ने कहा कि आई-फ्लू के संक्रमण से कुछ सावधानियाँ अपनाकर बचा जा सकता है। आँखों में इन्फेक्शन होने पर उसे बार-बार मत छूएं, आँख से पानी आने की स्थिति में उसे पोंछने के लिए साफ टिश्यू का इस्तेमाल करें, जिसे दोबारा प्रयोग में नहीं लाएं। साथ ही आंख साफ करने के लिए रूमाल का उपयोग करने पर उसी रूमाल से दूसरी आँख साफ ना करें, इससे संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। अपनी आँखों को साफ ठंडे पानी से निरंतर धोते रहें एवं समय-समय पर अपना हाथ भी साफ करते रहें। अपने मोबाईल, तौलिया या पिलो कवर किसी को उपयोग करने न दें। साथ ही दूसरों की इस्तेमाल की हुई चीजों से दूरी बनाकर रखें। आंखो के सु रक्षा के लिए काले चश्मे का उपयोग करें। कलेक्टर संजीव कुमार झा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केसरी ने उपरोक्त लक्षण से ग्रसित व्यक्तियों को आवश्यक सावधानी बरतते हुए तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर उपचार कराने एवं डॉक्टर के परामर्श से ही दवाइयों का सेवन करने की जिलेवासियों से अपील की है।

# जलाशय के लिए जमीन देने वाले 17 किसानों को मिला मुआवजा

## शेष किसानों के भी प्रकरण जल्द होंगे तैयार

**कोरबा ।** मसूरिहा जलाशय के लिए प्रस्तावित भूमि के विरूद्ध की गई भू-अर्जन के एवज में प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया गया है। मसाहती ग्राम होने तथा नजरी नक्शा नहीं होने की वजह से कई किसानों को मुआवजा वितरण नहीं किया जा सका है। मसूरिहा जलाशय का नाला क्लोजर कार्य नहीं कराया गया है जिससे कृषकों से ली जाने वाली भूमि अभी भी उनको कब्जे में हैं, जिसमे खेती कर रहे हैं। प्रभावित किसानों को मुआवजा भुगतान की कार्यवाही पूर्ण होने पर ही उक्त योजना के निर्माण की कार्यवाही की जाएगी। मुआवजा के लिए लंबित किसानों को भी मुआवजा वितरण संबंधी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।इस योजना के शीर्ष कार्य में ग्राम मुरली के 23 कृषको का 4.891 हेक्टेयर निजी भूमि का भू-अर्जन प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली के कार्यालय में प्रक्रियाधीन है। प्रभावित भूमि के विरुद्ध भू-अर्जन अधिकारी द्वारा मांग की गयी 80 प्रतिशत प्रतिकर की राशि रू. 77.056 लाख 28 मार्च 2019 को जमा किया जा चुका है, जिसमें 17 लोगो का मुआवजा भुगतान किया जा चुका है। शेष 6 लोगो का भुगतान लंबित है तथा योजना के शीर्ष कार्य में ग्राम मसूरिहा के 15 कृषकों का रकबा 11.072 हेक्टेयर भू-अर्जन प्रकरण तैयार कर 25 फरवरी 2011 द्वारा भू-अर्जन अधिकारी, कटघोरा को जमा किया गया था। मसाहती ग्राम होने के कारण नक्शा नहीं है। इस संबंध में जल संसाधन संभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि मसाहती ग्राम होने के कारण नजरी नक्शा के अनुसार प्रकरण तैयार किया गया था। इस दौरान कृषकों से भी लिखित सहमति ली गई थी। भू-अर्जन अधिकारी कटघोरा प्रकरण में नक्शा नहीं होने के कारण आगे की कार्यवाही रोक दी गई थी। यदि नजरी नक्शा के अनुसार भू-अर्जन प्रकरण तैयार करने की अनुमति प्राप्त होती है तो प्रकरण पुनः तैयार कर प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

### आरबी ने साधा निशाना

**कोरबा।** भाजपा जिला सह संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ मो. न्याज नूर आरबी ने मुख्यमंत्री



भूपेश बघेल द्वारा युवाओं के साथ किये जा रहे भेंट मुलाकात को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि रोजगार मांगते युवाओं को भयावह कोरोना काल में आंदोलन के लिए विवश करने, न्याय व हक की मांग पर लाठियां बरसाने वाले और बेरोजगारी भत्ते के नाम पर छल करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पिछले पौने पांच सालों में युवाओं से मुलाकात की याद नहीं आई और चुनावी वर्ष को देखकर उनसे भेंट मुलाकात करके दिखावा करके उनसे चुनावी लाभ लेना चाहते है। जो कि छत्तीसगढ़ युवाओं के साथ एक मात्र दिखावा और छलावा है

# प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के द्वारा प्रदेश में 11 वर्षों से रुकी हुई प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जल्द से जल्द जारी करवाने शासन से पुरजोर माँग की जा रही हैं। इस कड़ी में 23 जुलाई 2023 को पटवारी सदन, लाल बाग जगदलपुर में छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चाके प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह की उपस्थिति में बस्तर संभाग की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के द्वारा प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत 11 वर्षों से रुकी हुई प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जल्द से जल्द जारी करवाने शासन से पुरजोर माँग की गई हैं।बैठक में प्राचार्य पद पर पदोन्नति से वंचित बस्तर संभाग के विभिन्न ज़िले से आए हुए नियमित व्याख्याता तथा प्रधान पाठक माध्यमिक शाला स्नातकोत्तर प्रशिक्षित बैठक में सम्मिलित हुए। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के द्वारा आयोजित संभागीय बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने उपस्थित सभी व्याख्याता एवं प्रधान पाठकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत टी संवर्ग में वर्ष 2013 से तथा ई संवर्ग में वर्ष 2016 के बाद से हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं की गईं हैं । राज्य में 3266 से अधिक शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में वर्षों से प्राचार्य के पद रिक्त पड़े हैं। स्कूल शिक्षा विभाग में 11 वर्षों से प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं होने से टी तथा ई संवर्ग के सैकड़ों नियमित व्याख्याता तथा नियमित प्रधान पाठक सेवानिवृत्त हो गए हैं। प्राचार्य पद पर पदोन्नति का रास्ता देखते-देखते अनेकों व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों की मृत्यु हो गईं हैं। प्रत्येक माह लगातार अनेक वरिष्ठ व्याख्याता और प्रधान पाठक माध्यमिक शाला प्राचार्य पदोन्नति का रास्ता देखते- देखते सेवानिवृत होते जा रहे हैं। प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने प्रदेश में विगत कई वर्षों से बाधित रही प्राचार्य पदोन्नति की विभागीय प्रकिया को तेजी से पूर्ण कर 3266 से अधिक हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य के रिक्त सभी पदों पर पात्रता रखने वाले नियमित व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों से शीघ्र प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जारी करने की प्रबल माँग की हैं। श्री सिंह ने कहा कि, प्राचार्य पद पर पदोन्नति देने से शासन को कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आयेगा ,द्य बैठक में प्रमुख रूप से - रमेश उपाध्याय, सतपाल शर्मा, जे.आर. कोसरिया,गोवर्धन पाणिग्रही, जया ईशाक , भावना दीक्षित, कविता बिजोलिया, सहदेव सिंह आदि सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चाने शासन से माँग की है कि प्राचार्य पदोन्नति की समस्त विभागीय प्रकिया को तेजी से पूर्ण कर शीघ्र प्राचार्य पद पर पदोन्नति का आदेश जारी किया जावें।

## डीजल पेट्रोल कारोबारियों को दी जा रही राहत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के रिटेल पेट्रोल एवं डीजल पंप व्यवसाईयों को दो रिटर्न फाईल करनी होती है । जीएसटी और की छ.ग. मूल्य सवंर्धित कर वैट की ।टैक्स सलाहकार मो.रफीक मेमन ने वाणिज्क्य कर मंत्री टीएस सिंहदेव को पत्र लिखकर मांग की है कि व्यसाईयों को इस मामले में राहत दी जाए। पंप व्यवसाई अपनी मासिक जीएसटी की रिटर्न जीएसटीआर 3 बी में पेट्रोल एवं डीजल की क्रय विक्रय की जानकारी प्रस्तुत करता है डीजल एवं पेट्रोल को जीएसटी कांउसिल के द्वारा जीसएटी से मुक्त रखा गया है किन्तु पंप संचालको को अपनी जीएसटी की रिटर्न में पेट्रोल एवं डीजल के क्रय-विक्रय की जानकारी देनी होती है ल्यूब्रीकेंट में जीएसटी की देयता आती है। इसी प्रकार पेट्रोल एवं डीजल जीएसटी में मुक्त होने के कारण उसके छ.ग. मूल्य संवधित कर की देयता बनती है चूंकि पेट्रोल एवं डीजल पर छ.ग.शासन द्वारा प्रथम बिन्दु पर ही वैट प्राप्त कर लिया जाता है इसके पश्चात पेट्रोल पंप संचालको को अलग से उपभोक्ताओं से वैट चार्ज करने की आवश्यकता नही होती। इसके पश्चात भी राज्स के रिटेल पंप व्यवसाईयों को छ.ग. मूल्य सवंर्धित कर वैट का पंजीयन लेना अनिवार्य होता है वैट कर की मासिक/तिमाही विवरणी फाईल करनी पड़ती है एवं वार्षिक कर निर्धारण कराना आवश्यक होता है, जिसमें छ.ग. शासन को भी प्रकार का अन्य राजस्व प्राप्त नही होती है इसके पश्चात भी अनावश्यक रूप से पेट्रोल पंप व्यवसाईयों को वैट कर की विवरणी दाखिल करनी पड़ती है। पेट्रोल एवं डीजल के क्रय एवं विक्रय की जानकारी व्यवसायी के जीएसटी रिटर्न से प्राप्त की जा सकती है।

# अब तक के कार्यो की समीक्षा हुई बैठक में



**कोरबा।** जिला राजीव युवा मितान के द्वारा राजीव गांधी इनडोर ऑडिटोरियम में राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारी एव सदस्यगण भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई कार्यक्रम के शुरुआत में छत्तीसगढ़ी बारामासी लोक नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, साथ ही क्लब के सदस्यों को अच्छे कार्य करने पर प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, वह छत्तीसगढ़ पारंपरिक , सांस्कृतिक का दर्शन कराया गया, इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर कोरबा जिला कलेक्टर संजीव झा उपस्थित रहे, साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप एव एवं खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई जी विशेष रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम के स्वागत भाषण पर राजीव युवा मितान के जिला समन्वयक श्याम नारायण ने कार्यक्रम के उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक पर प्रकाश डाला व क्लब के सदस्यों के साथ शासन की योजनाओं को जन-जन तक कैसे पहुंचाना है इस विषय पर अपनी बात रखी, उन्होंने कहा कि पूरे देश का पहला राज्य है, जहां राजीव मितान का एक-एक सदस्य भूपेश बघेल के सरकार में शामिल है, जो हमें गौरवान्वित महसूस कराता आता है, साथ ही उन्होंने कहा कि, यह हमारी जवाबदारी व जिम्मेदारी बनती है कि शासन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं,जो की हमारा अहम् कर्तव्य बनता है, श्याम के स्वागत भाषण के पश्चात, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधीश वह जिला शासी निकाय के अध्यक्ष संजीव कुमार झा ने, जिले में चल रहे राजीव मितान के क्रियाकलापों वह वर्तमान चल रहे ओलंपिक खेलों पर अपनी बात रखें श्री झा ने कहा कि कोरबा जिला राजी युवा मितान सही मार्ग पर चल रही है वह लगातार शासन की योजनाओं को जिस प्रकार से आम जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है, उसके लिए उन्हें मैं बधाई देता हूं, साथ ही उन्होंने शासन के प्रमुख योजनाओं पर संक्षिप्त में प्रकाश डाला उन्होंने कहा क्लब का गठन जिस उद्देश्य के लिए की गई है वह साकार होता दिखाई पड़ रहा है उन्होंने कहा कि आमजन तक पहुंचने का सबसे अच्छा सार्थक मार्ग मितान क्लब का प्लेटफार्म है जो पूरी ईमानदारी के साथ अपनी जवाबदारी का निर्वहन कर रही है उन्होंने क्लब के सारे पदाधिकारियों सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला पंचायत कार्यपालन अधिकारी विश्वजीत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए शासन की अनेक योजनाएं हैं जिसे हम पूरी जवाबदारी ईमानदारी के साथ उन योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक कैसे पहुंचाना है इस पर उन्होंने अपनी बात रखी उन्होंने शासन की योजनाओं को विस्तृत रूप से क्लब के सदस्यों के सामने रखा, खाद आयोग के सदस्य हरीश परसाई जी ने राजी युवा मितान के उन्मुखीकरण समीक्षा बैठक पर अपनी बात रखी और उन्हें सफल कार्यक्रम के लिए बधाई प्रेषित किया कार्यक्रम का संचालन विधानसभा समन्वयक अभय तिवारी ने किया साथ-साथ उन्होंने कार्यक्रम से संबंधित जानकारियां क्लब के सदस्यों के साथ साझा किया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से, पाली तानाखार विधानसभा समन्वयक अमित भदोरिया रामपुर विधानसभा समन्वयक मान सिंह राठिया जनपद सदस्य बलराम, बलराम साहू ने भी संबोधित किया युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सज्जाद आलम अंसारी, निक्कू कुकरेजा, एनएसयूआई के शहरअध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष मनमोहन राठौर, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष नितिन चौरसिया, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष वह एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष रवि नारायण सोनी,जिला शहर युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अंकित तिवारी, पंकज सोनी, गुलाम मेमन,नरेंद्र तिवारी, जितेंद्र साहू,अंजनी साहू, देवेंद्र द्विवेदी, विपिन चौरसिया कुलदीप राठौर,दिवाकर राजपूत सरोज राठौर रमेश दास महंत मोहम्मद आबिद अख्तर दीपक दास महंत नरेंद्र यादव सनी सिंह संजय कुमार विजय यादव सुमित दान मोनू ठाकुर अविनाश केसरवानी रजनीकांत दिलेश्वर यादव,कमल चंद्रा,अजय साहू, रिंकु अनिकेत, अकाश, दीपक, विनय गुप्ता,आदि अनेक क्लब के सदस्य मौजूद थे,वह अभार प्रदर्शन पंकज सोनी ने किया।

# साहित्य भवन कोरबा में सावन विशेष काव्य गोष्ठी सम्पन्न



**कोरबा।** कवि कृष्ण कुमार चन्द्रा को पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर साहित्य भवन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। सावन मास की सांध्य बेला पर पंडित मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन समिति कोरबा में सावन विशेष काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे की पूजा अर्चना के साथ हुआ। कविता जैन ने सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर उत्कृष्ट गीतकार कवि डॉ कृष्ण कुमार चन्द्रा को रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर समिति की ओर से अभिनंदन पत्र, साल, श्रीफल और गुलदस्ता भेंटकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। मंचासीन जनाब यूनुस दानियाल पुरी, कमलेश यादव, मुकेश चतुर्वेदी, दिलीप अग्रवाल और गीता विश्वकर्मा नेह ने अपने-अपने उद्बोधन के दौरान डॉ कृष्ण कुमार चन्द्रा के सरल, सहज व्यक्तित्व, उनके कृतित्व और लगन मेहनत को सविस्तार उपस्थित कवि वृंदों ने प्रस्तुत किये। डॉ कृष्ण कुमार चन्द्रा ने प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनको उपाधि प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया और मार्गदर्शन प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। सावन के विविध रंगों को कवियों ने अपने-अपने शब्दों में सजाकर सुमधुर काव्य वर्षा की। पेड़ प्रकृति, खेती किसानी, परब त्योहार, पूजा पाठ, बचपन जवानी, प्यार मोहब्बत, महँगाई, बाढ़ जैसे कई समसामयिक छटा बूँद बनकर गोष्ठी के दौरान बरसी, जिसमें भींगकर स्रोतागण खासा आनंदित हुये। गीत, गजल की बरसा करने वाले कवियों में यूनुस दानियालपुरी, कमलेश यादव, मुकेश चतुर्वेदी, दिलीप अग्रवाल, गीता विश्वकर्मा, डॉ कृष्ण कुमार चन्द्रा, इकबाल , एम एन राव, बलराम राठौर, अंजना सिंह ठाकुर, रामकली कारे, निर्मला ब्राम्हणी, स्मिता देशपाण्डे, आशा आजाद, जीतेंद्र वर्मा, संतोषी महंत श्रद्धा, एस पी साहू, ज्योति गवेल, किरण सोनी, अनुसुइया श्रीवास, बी के कैवर्त, एन डी तिवारी, लखनी साहू, ज्योति दीवान, कविता जैन, दीपक सिंह ठाकुर, जगदीश श्रीवास, रामकृष्ण साहू, जे एल पात्रे, आदि कवि कवियित्रियों का नाम शामिल है। सियान सदन के कई वरिष्ठजन भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जीतेन्द्र वर्मा ने किया और आभार साहित्य भवन समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल ने किया।

## आकस्मिक मृत्यु के 09 प्रकरणों में 36 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आपदा मृत्यु के 9 प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार रुपए के मान से कुल 36 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है।

जिले की तहसील शिवरीनारायण के ग्राम बोरदा के लक्ष्मण प्रसाद कश्यप की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र राजेश्वर प्रसाद, तहसील अकलतरा के ग्राम तिलई निवासी हरिराम यादव की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती सुकृता यादव, ग्राम चंगोरी निवासी श्रीमती पूर्णिमा पटेल की अकाशी बिजली (गाज) गिरने से मृत्यु होने पर उनके पति राम नारायण पटेल, ग्राम बरगवां निवासी श्रीमती शकुंतला नेताओं की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पति श्री उमाशंकर नेताम, तहसील पामगढ़ ग्राम मूलमुला के सनत कुमार की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती अघनिया बाई, ग्राम कोनारगढ़ के रामझूल की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पत्नी श्रीमती राजमती धनवार, ग्राम बोरसी निवासी श्रीमती लकेश्वरी टंडन की आकाशीय बिजली का (गाज) गिरने से मृत्यु होने पर उनके पति बसावन टंडन, श्रीमती प्रेमलता तेंदुलकर की अग्नि दुर्घटना से मृत्यु होने पर उनके पति मनोज कुमार तेंदुलकर और तहसील बम्हनीडीह के ग्राम पोड़ीशंकर के श्री अतिम कुमार की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता ननकीराम साहू को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्रत्येक प्रकरण में चार-चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## बाट-माप एवं माप तौल उपकरणों का किया गया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ विधिक माप नियम 2011 का उल्लंघन पाये जाने पर विभिन्न प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। निरीक्षक विधिक माप विज्ञान ने बताया कि निरीक्षण में पामगढ़ तहसील अंतर्गत मेसर्स गणेश फ्यूल (पेट्रोल पम्प), तनु मिनरल्स, देवरी (खरौद), पंकज ट्रेडर्स, सोनू किराना एवं जनरल मेउभाठा, शिवा किराना दुकान, पामगढ़ गुरूकृपा कृषि केन्द्र कुटरा के व्यापारिक प्रतिष्ठानों के तौल उपकरणों, पैकेज सामग्रियों की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान मेसर्स तनु मिनरल्स देवरी (खरौद ) में पैकेज सामग्रियों में घोषणाएं अपूर्ण पाये जाने पर विधिक मापविज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुए) नियम 2011 के नियम 6 एवं शिवा किराना दुकान, पामगढ़ गुरूकृपा कृषि केन्द्र कुटरा के परिसर में सत्यापन प्रमाण पत्र नहीं पाये जाने के कारण छत्तीसगढ़ विधिक मापविज्ञान (प्रवर्तन) नियम 2011 के नियम 24 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने के कारण अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# निजी स्कूल में प्रताड़ना के शिकार हो रहे बच्चे

**जांजगीर चांपा।** पामगढ़ में संचालित अशासकीय न्यू ऐरा द्रोणाचार्य विद्यालय में आरटीई के तहत पढने् वाले बच्चों के साथ दुर्व्यव्हार और टार्चर करने का मामला सामने आया है। अभिभावक के द्वारा इसकी लिखित शिकायत पामगढ़ बीईओ और राज्य बाल संरक्षण आयोग से की है।

शिकायकर्ता ग्राम सिल्ली निवासी माखन लाल आरले ने उनकी बेटी स्नेहल आरले न्यू ऐरा द्रोणाचार्य विद्यालय में कक्षा पांचवी की छात्रा है जिससे मुझे बताया कि उसे कई बार दो सौ बार उठक-बैठक कराया जाता है पर मैंने नजरअंदाज किया। विगत 22 जुलाई को स्नेहल स्कूल से रोती हुई घर पहुंची और बताया कि उसे फिर आज से दो सौ बार उठक-बैठक कराया गया। उस स्कूल में कभी नहीं जाने और रोज प्रताड़ित करने की बात कहते हुए जोर-जोर से रोने लगी। जिसका वीडिया में मैंने बनाया है। स्नेहल डरी-सहमी रहती है और स्कूल जाने से डरती है। ऐसे स्थिति में मेरी बच्ची को कुछ होगा तो स्कूल प्रबंधन ही जिम्मेदार होगा। मेरी बड़ी बेटी साक्षी आरले भी उक्त स्कूल में छठवीं की छात्रा थी जिसने भी कई बार बताया था कि उसे कक्षा से बाहर बिठा दिया जाता है और दूसरे स्कूल में पढने् की बात कही जिस पर वहां से निकालकर दूसरे स्कूल में भर्ती कराया लेकिन स्कूल संचालक के द्वारा साक्षी का चौथी, पांचवी व छठवीं का मार्कशीट और टीसी तक नहीं दिया गया। 20 हजार रुपए विलंब शुल्क से जमा करने संचालक द्वारा कहा जा रहा है। लिखित शिकायत करते हुए अभिभावक ने उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

**बाल संरक्षण आयोग की सदस्य पहुंची स्कूल**

अभिभावक की शिकायत पर सोमवार को बाल संरक्षण आयोग की सदस्य पुष्पा पाटले



न्यू ऐरा द्रोणाचार्य विद्यालय

पहुंची और स्कूल संचालक प्राचार्य शिवराम कुंभकार से चर्चा की। शिकायतकर्ता भी बच्ची के साथ वहां मौजूद रहे। सदस्य पुष्पा पाटले ने अभिभावक और बच्ची से बात भी की। जिस पर बच्ची ने बताया कि उसे अकेले नहीं और भी बच्चों को एक साथ शिक्षक ने उठक-बैठक कराया था। शिक्षक ने अपनी गलती स्वीकार भी की। स्कूल प्रबंधन के द्वारा उसे सस्पेंड कर दिया है। इस संबंध में स्कूल संचालक को आयोग से नोटिस जारी करेंगे तो इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति होने पर स्कूल को बंद कराने लिखा जाएगा।

बाल संरक्षण आयोग की सदस्य आज स्कूल पहुंची थी। अभिभावक माखन आरले के द्वारा शिकायत की जानकारी मिली है पर शिकायत में क्या लिखा है, इसकी जानकारी नहीं है। मामले में एक शिक्षक को भी हटा दिए हैं।

शिवराम कुंभकार, प्रिंसीपल न्यू ऐरा द्रोणाचार्य विद्यालय पामगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य पुष्पा पाटले के साथ न्यू ऐरा द्रोणाचार्य विद्यालय पामगढ़ में शिक्षक के द्वारा क्लास 5वीं की छात्रा के साथ शाररिक दंड के संबंध में जांच की गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर अग्रिम कार्रवाई करेंगे।

राकेश सोनी, एबीईओ पामगढ़

## 01 से 13 अगस्त तक जिले में मनाया जाएगा वजन त्यौहार



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी निर्देशन में जिले में 06 वर्ष से कम आयु के बच्चों में पोषण स्तर के आकलन हेतु समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुये पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 01 से 13 अगस्त 2023 तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती अनिता अग्रवाल के द्वारा वजन त्यौहार के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि इसका उद्देश्य जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान सभी विकासखण्डों में क्लस्टरवार वजन त्यौहार का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत प्रत्येक गांव, आंगनबाड़ी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों का वजन लेकर पोषण स्तर (बौनापन तथा दुबलापन) का माप किया जायेगा। साथ ही बच्चों के पोषण स्तर के बारे में अभिभावकों को अवगत कराते हुये उन्हे कुपोषण के संबंध में जागरूक कर बच्चों के कुपोषण से बाहर लाने हेतु उचित परामर्श दिया जायेगा। उन्होने बताया कि प्राप्त आंकड़ों के आधार पर जिले मे कुपोषण की दर में कमी लाने हेतु लक्ष्यों का निर्धारण कर उपयुक्त कार्ययोजना बनाई जायेगी।

## चांपा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड, चांपा में कार्यरत श्रमिक बंधुओं के साथ मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम एवं जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन 2023 की थीम पर इस शिविर का आयोजन स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम में राहुल पटेल, सहा0 संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने मतदाता परिचय पत्र में आवश्यक संशोधन करने, नये सदस्य का नाम जोड़ने, मतदान के महत्व एवं मतदान दिवस में अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का आव्हान किया गया। श्रम पदाधिकारी जांजगीर-चांपा के द्वारा वोटर हेल्पलाईन एप के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई तथा समावेशी सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही समस्त श्रमिको को अनिवार्य रूप अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर इस कार्यक्रम के माध्यम से असंक्रामक बीमारियों की जांच हेतु विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कारखाना प्रबंधन की ओर से उदय सिंह, अग्निहोत्री तथा श्री पवन शर्मा एवं प्रकाश एम्पलाइज यूनियन इंटक के अध्यक्ष शिवदयाल कर्ष उपस्थित रहे।

# सरकारी सुविधा से मिलने वाला चावल दुकानों में ही बचे रहे उपभोक्ता, दलालों की चांदी

**जांजगीर चांपा।** पीडीएस दुकानों में सरकारी चावल की बड़ी तादात में अफरा-तफरी हो रही। अफरा-तफरी करने वालों में कोई और नहीं बल्कि उपभोक्ता व पीडीएस दुकान संचालकों का हाथ है। उपभोक्ता केवल दुकानों में थंब (अंगूठा) लगाने ही आ रहा है। दुकान संचालक 10 रुपए प्रति किलो के हिसाब से सरकारी खाते में राशन वितरण कर देता है और 15 रुपए बढ़ाकर रकम ग्राहक को रकम के हिसाब से रुपए दे देता है।

इसके बाद राशन दुकान का संचालक थोके भाव में राशन को किसी राइस मिलर्स के पास बिक्री कर देता है। यह सिस्टम किसी एक दुकान की नहीं है बल्कि हर दुकानों में यही ढर्रा चल रहा है। एक ओर राशन कार्ड धारक को प्रति किलो 15 रुपए की आमदनी हो रही है तो वहीं राशन दुकान का संचालक भी प्रति किलो चार से पांच रुपए मुनाफा कमा रहा है।

सरकार का चावल वितरण सिस्टम हर वर्ग के लिए मुनाफे का सिस्टम हो चला है। सरकार को चावल वितरण सिस्टम में मुनाफा कम बल्कि नुकसान अधिक उठाना पड़ रहा है। क्योंकि इसकी राइस मिलों में रिसाइक्लिंग हो रही है। जिस सोसायटी में चावल का वितरण हो रहा है वही सोसायटी संचालक इसकी बिक्री थोक में राइस मिलर्स के पास कर रहा है। इसके पीछे प्रत्येक उपभोक्ताओं का हाथ है। क्योंकि उपभोक्ता राशन का उठाव करने के बजाए उसे उसी राशन दुकान संचालकों के पास 10 के बजाए 20 से 25 रुपए में बिक्री कर दे रहा है। ऐसा कारोबार 80 फीसदी राशन कार्ड धारक कर रहा है। वहीं 20 फीसदी गरीब वर्ग के लोग ही सरकारी राशन का इस्तेमाल कर रहे हैं।



**राशन दुकान का संचालक ही खरीद लेता है चावल**

राशन दुकानों में दलालों की भी फौज उपस्थित रहता है। जो ग्राहकों को अच्छी रकम का प्रलोभन देकर उसका राशन खरीदता है। क्योंकि राशन दुकान का संचालकों से जब मन मुताबिक रकम नहीं मिलता तो वह दलालों के पास बिक्री कर देता है। रविवार को पत्रिका ने इसकी स्टिंग की। तब इस बात का खुलासा हुआ। दरअसल,जांजगीर के वार्ड नंबर 19 से लेकर 22 से 23 तक आरइएस आफिस के सामने स्थित दुकान से राशन वितरण किया जाता है। जहां दलालों की फौज थी। साथ ही राशन दुकान के संचालकों द्वारा ही थंब लगाते वक्त पूछा जा रहा था कि आप चावल लेंगे या पैसे। तब अधिकतर ग्राहक यही जवाब दे रहे थे कि हम पैसे लेंगे। ग्राहक 10 रुपए के चावल को 20 रुपए से 22 रुपए में दुकानों में ही बिक्री कर दे रहे थे।

**राशन दुकानों में दलालों की भी फौज**

राशन दुकान के बाहर दलालों की फौज लगी रहती है। जो ग्राहकों को 25 से 26 रुपए में चावल खरीदने का प्रलोभन देकर ग्राहकों का राशन खरीद रहा था। अधिकतर ग्राहक राशन दुकान से चावल उठाता था और उसे दलालों के पास 25 रुपए में बिक्री कर देता था। इतना ही नहीं दलालों के पास बड़ी तादात में प्लास्टिक की बोरी के अलावा बड़ी तादात में रकम थे। वह दिन भर में तकरीबन 10 से 20 क्विंटल चावल खरीद चुका था और वह राइस मिलर्स के पास बिक्री कर दिया। राइश मिलर्स इसे फिर से पीडीएस के रूप में सरकार के पास बिक्री कर देता है। इससे उसे मिलिंग चार्ज के अलावा अन्य कई तरह के खर्चे की बचत हो जाती है।

हमें इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि ऐसा हो रहा है तो गलत है। इसकी जांच कराएंगे।

– कौशल साहू, जिला खाद्य अधिकारी

## वाहनों से डीजल चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर।** जांजगीर-चाम्पा की बलौदा पुलिस ने मेन रोड में खड़े भारी वाहनों से डीजल की चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है और सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। चोरी की घटना में प्रयुक्त कार और 700 लीटर डीजल जब्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नितेश यादव ने बलौदा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बिरगहनी गांव के पास पहुंचा हुआ था कि रास्ता खराब होने से नितेश यादव का ट्रेलर वाहन बिरगहनी गांव के पास रुक गया और नितेश यादव डर के कारण वाहन को छोड़कर चला गया। फिर कुछ समय बाद नितेश यादव ट्रेलर वाहन के पास गया तो देखा कि ट्रेलर वाहन से लगभग 200 लीटर डीजल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर के ले गया था।

पुलिस ने नितेश यादव की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 379 और 34 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी आलोक कुमार, धनेश्वर, अनीष, सूरज, अमित कुमार, जागेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के कब्जे से 7 सौ लीटर डीजल और चोरी की घटना में प्रयुक्त कार को जब्त कर सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।



# रोजगार गारंटी योजना के बहाने फर्जीवाड़ा हुआ पंचायत में




**जांजगीर-चांपा।** बलौदा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा में रोजगार गारंटी के हुए कार्यों में सालों से फर्जीवाड़ा होने आने का आरोप ग्राम के ही उपसरपंच समेत पंचों और ग्रामीणों ने लगाया है। शिकायत पर एक बार जांच भी हो चुकी है जिसमें अनियमितता भी उजागर हुई है लेकिन इसके बाद भी आज तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में शिकायकर्ताओं ने पुन् सोमवार 24 जुलाई को जिपं सीईओ से इसकी शिकायत की है।

शिकायकर्ता ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा के उपसरपंच भरतलाल यादव, बीडीसी नर्मदा बाई रजक, पंच गद्दीदास, कीर्तनबाई, राजकुमारी, अमृत बाई, चंदन बाई ने बताया है कि ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा में सरपंच जगजीवन भारद्वाज एवं रोजगार सहायक लक्ष्मीदास के द्वारा रोजगार गारंटी के काम में फर्जी मस्टररोल भरकर गड़बड़ी की है। रोजगार सहायक की पत्नी अनिता एक दिन भी काम पर नहीं गई है लेकिन 2017 से 28 अप्रैल 2023 तक फर्जी मस्टररोल भरकर राशि आहरण किया गया है। इसी तरह सरपंच के द्वारा भी अपनी पत्नी विष्णु बाई के नाम से करीब 70 हाजिरी का फर्जी राशि आहरण किया गया है। इतना ही मड़वा प्लांट में ठेकेदारी करने वाले लोगों के नाम भरकर फर्जी तरीके से राशि निकाली गई। शिकायत पर बलौदा जनपद से जांच दल 28 जून 2023 को गांव में पहुंची थी। जांच टीम में शामिल तकनीकी सहायक अरुण रात्रे व राहुल अग्रवाल के द्वारा करीब 28 से 29 लोगों का बयान लिया गया। जिसमें पंचनामा के दौरान 15 से 20 लोगों ने अपने लिखित बयान में बताया कि वे रोज काम में जाती थी लेकिन रोजगार सहायक व सरपंच की पत्नी एक भी दिन काम करते नहीं देखा। जांच टीम ने प्रतिवेदन बनाकर जपं सीईओ को सौंपा है लेकिन इसके बाद भी जनपद से कोई कार्रवाई आज तक नहीं हुई। ऐसे में ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और उग्र आंदोलन की बात कह रहे हैं।

जांच टीम के द्वारा प्रतिवेदन सौंपा गया है। जिसमें कुछ लोगों ने रोजगार सहायक व सरपंच की पत्नी के द्वारा काम करने तो कुछ लोगों के द्वारा काम नहीं करने का बयान दिया है। बयानों में विरोधाभास है। जांच टीम ने और सूक्ष्मता से जांच की बात कही है पर अभी एपीओ हड़ताल पर चले गए हैं। जल्द ही पूर्ण जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

आकाश सिंह, सीईओ जपं बलौदा

## सड़क हादसे में घायल की मौत के बाद हंगामा

**बिलासपुर।** सड़क हादसे में घायल बालक की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इसके बाद स्वजन ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में देरी का आरोप लगाया तो उनसे मारपीट की गई। बालक की मौत और स्वजन से मारपीट की जानकारी लगते ही गांव के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए। इधर हंगामे की जानकारी लगते ही तोरवा पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। देर रात तक लोगों की भीड़ अस्पताल के सामने जुटी रही।मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम बकरकुदा में रहने वाला नीशू बर्मन सोमवार की शाम सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घायल को भर्ती कर जल्द उपचार शुरू करने कहा। स्वजन का आरोप है कि डाक्टरों ने इलाज के बजाय पहले काउंटर पर रुपये जमा करने कह दिया। इसी बात को लेकर अस्पताल के कर्मचारियों ने चाचा परमानंद और आशीष बर्मन की बेरहमी से पिटाई कर दी। हादसे में घायल बालक की मौत और इलाज के लिए लेकर गए स्वजन से मारपीट की जानकारी लगते ही गांव के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र. 03 माचाडोली (छ.ग.)**

आदेश क्र.1757/व.ले.लि./2023-24 माचाडोली, दिनांक 21.7.23

**-: निविदा निरस्तीकरण आदेश :-**

कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर का पत्र क्र. 4262757/निविदा प्रकोष्ठ/2023/9123 (T.C.) दिनांक 11.07.2023 के अनुपालन में इस कार्यालय की निविदा सिस्टम नं. 137011 (प्रथम आमंत्रण) मेसोनरी डेम के डाऊन साईड तथा पावर हाउस ई.डी.पी. के पास आंशिक (Parialy) हार्ड रॉक कटिंग तथा बकेट नंबर 04 के जल को खाली कराने का कार्य की अनुमोदित राशि रू. 290.05 लाख के कार्य के लिये आमंत्रित की गई निविदा प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण निविदा निरस्त की जाती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र. 03**
**माचाडोली (छ.ग.)**

G-03590/7


## अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अपनाया जा रहा नया तरीका

**जांजगीर चंपा।** ट्रेंचिंग ग्राऊंड में अब कचरे को नष्ट करने की पहली चरण केमिकल ट्रीटमेंट रविवार को शुरू किया गया। 20 वर्ष से जमे कचरे को इकट्ठा कर पहाड़ बनाया गया।

इसके बाद इसमें केमिकल डाला गया। अब यह कचरे धीरे-धीरे नष्ट होगी। इसके बाद इसका खाद भी बनेगा। जिसको बेचकर पालिका की आमदनी भी होगी, साथ ही श्रम कार्यालय के बगल अब कचरामुक्त हो जाएगा। इससे शहरवासी सहित आसपास क्षेत्र के लोग राहत की सांस लेंगे।

20 साल से शहर भर का कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड मुनुंद रोड में श्रम विभाग के बगल में डंप किया जा रहा है। जहां कचरों का पहाड़ बन गया था। यह कचरों का पहाड़ मेन रोड तक फैलता जा रहा था। हवा चलने के कारण कचरों के पालीथिन हवा में उड़कर मेन रोड में पहुंच जाता है। इसकी सफाई 20 सालों में आज तक नहीं हुआ था, इससे सबसे ज्यादा नुकसान नगरपालिका को स्वच्छता रैंकिंग में होती है। मेन रोड में कचरा फैलने का रैंक भी कट जाता है। यह ट्रेंचिंग ग्राउंड फैलते-फैलते चार से पांच एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इस कचरे से शहर के जनता को नुकसान हो रहा था। साथ ही एनजीटी के



आदेशों की अवहेलना हो रही थी। शहर को कचरामुक्त करने के लिए सीएमओ चंदन शर्मा लगातार प्रयासरत रहे। उसकी मेहनत आज रंग लाई और ट्रेंचिंग ग्राउंड की सफाई का दूसरा चरण रविवार को शुरू किया गया। दूर-दूर तक फैले कचरे को इकट्ठा कर पहाड़ सा बनाया गया। इसके बाद इसमें केमिकल का बायो कल्चर विधि से स्प्रे किया गया। साथ ही ऊपर को पूरी तरह से ढंक दिया गया। साथ ही फिर इसको 21 दिन तक छोड़ेगे। फिर इसे अलटी-पलटी किया जाएगा, इसके बाद दूसरा बायो कल्चर का स्प्रे होगा। जूट रोज से इसका कैपिंग किया जाएगा। 24 से 28 दिन फिर रखा जाएगा। कचरा की ऊंचाई 14 या 18 फीट की होगी, वह आधा हो जाएगी। इसका मतलब है कि डिम्पोज की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जो खाद तैयार हो जाएगा। दो माह का समय लगेगा। फिर इस खाद को बेचकर पालिका की आमदनी भी होगी।

**अब शहर में नहीं बनेगा ट्रेंचिंग ग्राउंड, सीधे होगा निपटान**

इधर कचरे को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। इसके बाद अब शहर से निकलने वाले कचरा का डंप शहर में कहीं नहीं किया जाएगा। अब शहर में रोज निलकने वाले डोर-टू-डोर कचरा का सीधे एसआरएलएम सेंटर में रीसाइक्लिंग होगा। इसके लिए वार्ड नंबर 1 के एसआरएलएम सेंटर को चुना गया है। इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया गया आगे और दिया जाएगा। माने अब हर दिन निकलने वाला कचरा का सीधे निपटान करेंगे। इससे पलिका जैविक खाद बेचकर आमदनी भी प्राप्त करेगी। कहीं शहर में कहीं भी डंप कचरा नजर नहीं आएगा।

## जनदर्शन में अपर कलेक्टर नें प्राप्त आवेदनों को त्वरित निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य ने अपने कार्यालय कक्ष में कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थानों से पहुंचे आमलोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज अकलतरा विकासखण्ड के ग्राम कटघरी निवासी कौशिल्या राज अपने पति की मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे उन्होंने बताया कि उनके पति की मृत्यु ग्राम कटघरी में हुई थी अत: अपने पति के मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पटवारी द्वारा उचित कार्यवाही ना करने पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार से दूरभाष में बात के तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील जांजगीर निवासी चंद्रमुखी ठेठवार जाति प्रमाण पत्र बनवाने आवेदन लेकर पहुचे। जिस पर अपर कलेक्टर ने जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने तहसीलदार को निर्देशित किया। आज जनदर्शन में कुल 122 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

इसके साथ ही ग्राम जाटा निवासी सम्राट निवास पीएम आवास योजना की द्वितीय क़िस्त प्रदान करने, जांजगीर के वार्ड क्रमांक 14 निवासी होरिल सारथी भूमि का सीमांकन कराने, ग्राम परसदा की छाया वर्मा मातृत्व वंदना योजना का लाभ दिलाने, तहसील सारा गांव के कमरीद निवासी नरोत्तम कश्यप जमीन से कब्जा हटवाने, तहसील जांजगीर निवासी चंद्रमुखी ठेठवार जाती प्रमाण पत्र बनवाने, विकासखंड बलौदा के ग्राम नवापारा निवासी अपने गांव के विद्यालय में शिक्षक व्यवस्था करवाने,तहसील सारागांव निवासी बेबी बाई आथिक मदद प्राप्त करने की शिकयत संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर अपर कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा रोजगार प्रदाय, नामांतरण, राशनकार्ड, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता सहित कुल 122 आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक सोमवार को सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है।

## अनमोल वचन

आप जैसे हो वैसे ही रहो, लोग आपको पसंद करेंगे। हर दिन, आपके लिए कुछ नया उपहार लेकर आता है।

## ये मौसम सामान्य नहीं

*रिकॉर्ड रखना शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे गर्म महीना यही जुलाई होगा। साफ है, जलवायु परिवर्तन के भयानक परिणाम दिखने शुरू हो गए हैं। दुनियाभर में भीषण गर्मी, बाढ़, बेमौसम बरसात जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। उत्तर भारत के लोगों को मौसम में बदलते और असामान्य मिजाज का अहसास इस समय जरूर हो रहा होगा। जुलाई के पहले हफ्ते में भीषण बारिश हुई, उससे हुए नुकसान का अभी अंदाजा ही लगाया जा रहा है। जबकि इस बीच अब असामान्य गर्मी और उमस ने उनकी जिंदगी मुहाल कर दी है। लेकिन ऐसा सिर्फ उन्हें झेलना पड़ रहा हो, ऐसी बात नहीं है। बल्कि सारी दुनिया का यही हाल है। दुनिया इस महीने गर्मी के कई सारे रिकार्ड्स टूट गए हैं। अमेरिकी एजेंसी नासा ने कहा है कि रिकॉर्ड रखना शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे गर्म महीना यही जुलाई होगा। साफ है, जलवायु परिवर्तन के भयानक परिणाम दिखने शुरू हो गए हैं। दुनियाभर में भीषण गर्मी, बाढ़, बेमौसम बरसात जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। इसी बीच वैज्ञानिक इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि जुलाई 2023 संभवतः हजारों वर्षों में दुनिया का सबसे गर्म महीना रहेगा। यूरोपीय संघ और कुछ दूसरे स्त्रोतों से मिले डेटा के मुताबिक ऐसे रोजाना के कई रिकार्ड्स तो पहले ही टूट चुके हैं। पहले कुछ प्राकृतिक घटनाओं के कारण असामन्य मौसम होता था। लेकिन अब बात वह नहीं है। मसलन, फिलहाल मौसम पर दिख रहे प्रभावों को केवल एल-नीनो पैटर्न का परिणाम नहीं ठहराया जा सकता है। बैशक, एल-नीनो भी इसमें एक छोटी भूमिका निभा रहा है, लेकिन देखने में यह आ रहा है कि लगभग हर जगह असाधारण गर्मी है। निर्विवाद रूप से इसका कारण वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों को लगातार बढ़ते रहना है। तापमान बढ़ने का असर यूरोप से लेकर एशिया, अफ्रीका और अमेरिका तक में साफ साफ नजर आया है। इसके परिणामस्वरूप कहीं भारी सूखा है, तो कहीं बाढ़ और कहीं वैसी बरसात, जिसके बारे में बुजुर्गों का कहना है कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी में ऐसा नहीं देखा। चीन में भी कुछ जगहों पर तापमान ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कई देशों की सरकारों को गर्मी से होने वाले खतरों के लिए चेतावनी जारी करनी पड़ी है। लेकिन ऐसी फौरी चेतावनियां अब कारगर होने वाली नहीं हैं। दरअसल दुनिया ने वैज्ञानिकों की जलवायु परिवर्तन संबंधी चेतावनियों को नजरअंदाज किया। उसका नतीजा अब सामने है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। विद्यार्थियों की आज पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। लेखक किसी किताब को पूरा करने में सफल रहेंगे। दांपत्य जीवन में चल रही अनबन आज ख़त्म होगी, जिससे आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में बड़ों की सलाह से आपको काफी मदद मिलेगी।

**वृष राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी को दिए हुए रुपए आपको वापस मिलेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सकारात्मक सोच के साथ व्यापार में निवेश के लिए पूरा दिन आपके पक्ष में रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। फालतू के खर्चों से आज आपको बचना चाहिए। ऑफिस में अपने सीनियर्स से कुछ सीखने का मौका मिलेगा। बिजनेस में किसी नासमझ की राय लेने से बचें।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इंजीनियर्स आज किसी टारगेट को पूरा कर लेंगे। नवविवाहित दंपत्ति को जीवनसाथी से आज कोई गिफ्ट मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का पद बढ़ेगा, दिन शानदार रहेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। डेकोरेशन के कारोबारियों को कोई बड़ा कॉन्ट्रैक्ट हांथ लगेगा। आपके दांपत्य जीवन में चल रही गलतफहमियां आज दूर होंगी, जिससे आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। ज्वेलरी का कारोबार कर रहे लोगों की इनकम में वृद्धि होगी। नवविवाहित दंपत्ति को किसी खास रिश्तेदार से मिलने का मौका मिलेगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन शानदार रहेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इधर-उधर की बातों पर ध्यान न दें, इससे आपका समय खराब होगा। मार्केट में महिलाओं को अपनी पर्स आदि का ध्यान रखने की जरूरत है। सिंगर्स के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपके दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। कॉस्मेटिक के कारोबारियों को अच्छा लाभ होगा। वाहन खरीदने का विचार कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों के राजकाज की प्रशंसा होगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी खास व्यक्ति के आगमन से घर के माहौल में उत्साह भर जाएगा। कपड़ा व्यापारियों को आज सेल्स में अच्छा मुनाफा होगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। बड़ों की सलाह से कार्यक्षेत्र में सफलता हासिल होगी। किसी अनजान व्यक्ति की वजह से आपका मूड ख़राब होगा, लेकिन थोड़ी देर बाद ठीक भी हो जाएगा।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। ऑफिस में बॉस आपके कार्य से खुश होकर आपको बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। लवमेट अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे, घरवाले आपकी बात के लिए थोड़ा समय लेंगे। विद्यार्थी अपने सीनियर्स की मदद से प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे।

**मीन राशि** :आज आपका दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में अपने स्वभाव को बैलेंस करके रखने की जरूरत है। जीवनसाथी की कोई मनपसंद डिश बना सकते हैं। कहीं पर रुपए लगाने से पहले किसी जानकार व्यक्ति से राय जरूर ले लें।

# मणिपुर मामले को स्पिन देना आसान नहीं

- हरिशंकर व्यास -

**इन दिनों हर पार्टी को ऐसे स्पिन डॉक्टर्स की जरूरत होती है, जो किसी भी घटना को दूसरा टर्न दे सके। मूल घटना पर से ध्यान हटा कर उसके दूसरे पहलू पर ध्यान केंद्रित करा दे। अगर मीडिया साथ हो तो ऐसा करना आसान हो जाता है। भारतीय जनता पार्टी हर समय इस तरह के काम करती है। उसके स्पिन डॉक्टर्स हर घटना को एक नया रूप देते हैं और फिर मीडिया उसी रूप का प्रचार करता है। कई बार तो ऐसा लगता है कि खुद प्रधानमंत्री ही स्पिन डॉक्टर का काम करते हैं और कई बार पार्टी खुद यह काम करती दिखती है। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाए जाने की वीभत्स घटना का वीडियो आने के बाद जो दो काम पार्टी की ओर से किए गए हैं उनसे इस बात को समझा जा सकता है।**

पहला काम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। वे संसद के मानसून सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे तो पारंपरिक मीडिया इंटरेक्शन में उन्होंने पहली बार मणिपुर का जिक्र किया, जहां पिछले करीब 80 दिन से हिंसा चल रही है। लेकिन साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ और राजस्थान सरकार का भी जिक्र किया और कहा कि वे सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह करते हैं कि वे अपने राज्य में कानून व्यवस्था को पुख्ता बनाएं। यह विशुद्ध रूप से राजनीतिक बयान था, जिसकी कम से कम उस समय जरूरत नहीं थी। मणिपुर का वीडिया सामने आने के बाद पूरा देश उद्वेलित था उस समय उस मामले के साथ विपक्ष के शासन वाले चुनावी राज्य का जिक् करके राजनीति करने की जरूरत नहीं थी। लेकिन प्रधानमंत्री ने किया। उसके बाद भाजपा ने इस बात को हाथों हाथ लिया। पूरे दिन भाजपा के नेता इस बात पर बयान देते रहे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सोनिया गांधी मणिपुर पर बोल रही है लेकिन राजस्थान पर चुप हैं। सोचें, क्या यह राजस्थान और मणिपुर की तुलना का समय है? राजस्थान के जोधपुर में बलात्कार की घटना के दो घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए, जबकि मणिपुर की घटना के बारे में जानकारी होने के बावजूद 77 दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। फिर भी भाजपा के नेता मणिपुर से ज्याद छत्तीसगढ़ और राजस्थान पर चर्चा करते रहे। जब संसद में इस बात को लेकर विवाद हुआ कि मणिपुर पर चर्चा नियम 176 के तहत हो या 267 के तब भी भाजपा ने विपक्ष पर ही आरोप लगाया कि वह चर्चा से भाग रहा है। राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्ष इसलिए चर्चा से भाग रहा है ताकि पश्चिम बंगाल की हिंसा पर जवाब नहीं देना पड़े। सोचें, मणिपुर में हुए एक भयानक अपराध और सिस्टम की विफलता का वीडियो वायरल हो रहा है और खुद प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि 140 करोड़ लोगों को दुनिया के सामने शर्मिंदा होना पड़ रहा है और भाजपा के नेता कह रहे हैं कि मणिपुर पर चर्चा होगी तो उसमें पश्चिम बंगाल की हिंसा की भी बात उठेगी! राजस्थान और छत्तीसगढ़ की घटनाओं को भी लाया जाएगा। यह क्या तर्क है? क्या सरकार विपक्ष को यह कह रही है कि तुम्हारे शासन वाले राज्यों में भी अपराध हुए हैं, तुम मणिपुर पर चुप रहो नहीं तो हम तुम्हारे राज्य का मामला उठाएंगे? क्या किसी सभ्य लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में इस तरह की बात सोची भी जा सकती है?

सो, पहले तो प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर के साथ विपक्ष के शासन वाले राज्यों को जोड़ कर अपने नेताओं को प्रेरित किया कि वे इस लाइन पर काम करें कि हमारी कमीज पर दाग है तो तुम भी बेदाग नहीं हो। इसके बाद दूसरा काम भाजपा ने किया। भाजपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्विट करके वीडियो की टाइमिंग पर सवाल उठाया गया। कहा गया कि घटना इतने दिन पहले की है तो संसद के मानसून सत्र के ठीक एक दिन पहले कैसे सामने आया है? भाजपा को संसद सत्र से ठीक पहले वीडियो लीक होने में साजिश दिख रही है। यहां टाइमिंग के नाम पर घटना को स्पिन देने में भाजपा खुद ही फंस गई। सोशल मीडिया में स्वंयस्फूर्त तरीके से लोगों ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि तीन मई से मणिपुर में इंटरनेट बंद है अन्यथा यह वीडियो बहुत पहले सामने आया होता। सोचें, साजिश थ्योरी का प्रचार करने से पहले भाजपा ने यह नहीं सोचा कि इससे उसकी सरकार पर सवाल उठेंगे? यह सवाल उठेगा कि जब चार मई की घटना है और 18 मई को एफआईआर दर्ज हुई है तो अभी तक सरकार ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की थी? वीडियो इतना भयावह है, जिस पर सारी दुनिया थू थू कर रही है और भाजपा को इस बात की चिंता है कि वीडियो अभी क्यों लीक हुआ, जब संसद का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा था! टाइमिंग पर सवाल उठाने के साथ साथ सरकार का फोकस इस बात पर है किसी तरह से ट्विटर, फेसबुक आदि से यह वीडियो हटवाया जाए। बताया जा रहा है कि सरकार की ओर से सोशल मीडिया कंपनियों को वीडियो हटाने के लिए कहा गया है।

## पवार के रास्ते पर सोनिया!

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी क्या एनसीपी के दिग्गज नेता शरद पवार के रास्ते चलेंगी? शरद पवार लंबे समय तक बारामती लोकसभा सीट से चुनाव जीतते रहे थे। लेकिन जब उनकी सेहत बिगड़ी तो उन्होंने लोकसभा सीट अपनी बेटी के लिए छोड़ दी और खुद राज्यसभा में चले गए। अब वे राज्यसभा सांसद हैं और उनकी बेटी सुप्रिया सुले बारामती का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसी तरह से कहा जा रहा है कि सोनिया गांधी अपने परिवार की पारंपरिक लोकसभा सीट रायबरेली छोड़ देंगी और राज्यसभा में जाएंगी। गौरतलब है कि उनकी भी सेहत अच्छी नहीं है और लंबे समय से वे अपने चुनाव क्षेत्र में नहीं गई हैं। पहले उनके क्षेत्र का काम प्रियंका गांधी वाड्रा देखती थीं लेकिन जब से वे राष्ट्रीय राजनीति में महासचिव बन कर सक्रिय हुई हैं तब से अमेठी और रायबरेली पर कम ध्यान दे रही हैं। बताया जा रहा है कि जैसे शरद पवार ने बारामती सीट सुप्रिया सुले के लिए छोड़ी थी वैसे ही सोनिया गांधी रायबरेली सीट प्रियंका के लिए छोड़ेंगी। उनकी जगह अगला लोकसभा चुनाव प्रियका गांधी वाड्रा लड़ सकती हैं। प्रियंका के चुनाव लड़ने का असर कुछ और सीटों पर पड़ेगा। हालांकि पार्टी का एक खेमा चाहता है कि उनको चुनाव नहीं लड़ना चाहिए क्योंकि उनको पूरे देश में प्रचार करना है। बहरहाल, वह फैसला कांग्रेसको करना है। इस बीच यह खबर है कि सोनिया गांधी कर्नाटक से राज्यसभा में जा सकती हैं। अगले साल होने वाले दोवार्षिक चुनावों में अगर सोनिया कर्नाटक से राज्यसभा में जाती हैं और राहुल गांधी केरल से चुनाव लड़ते हैं तो कांग्रेस इन दोनों राज्यों में बहुत अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर सकती है। वैसे भी विधानसभा चुनाव जीतने के बाद कर्नाटक में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है।

# 38 साल से तानाशाह को झेलता कंबोडिया!

- श्रुति व्यास -

**एक वक्त था जब किस्से-कहानियों में कंबोडिया का जिक्र होता था। इस देश का बहुत गौरवशाली अतीत रहा है। महान खमेर साम्राज्य की शानो-शौकत,राजाओं के दिव्य और विशाल अंकोरवाट मंदिर के चर्चे थे।कोई 692 साल चले खमेर साम्राज्य की धन-संपदा अकूत थी। लेकिन वक्त सोने की लंका को भी मिट्टी में मिला देता है। सो खमेर साम्राज्य भी समय के साथ धूल में मिला। उर्फ कंपूचिया सदियों बाद एक राष्ट्र के रूप में फिर उभरा तो एक खलनायक, लम्पट देश बना।**

सन् 1975 से 1979 के बीच वह 'कंपूचिया जनतंत्र' कहलाता था। उसकी बागडोर कम्बोडियाई कम्युनिस्टों के एक समूह के हाथों में थी। उसने वहां एक खूनी क्रांति की। अपने ही लोगों का नरसंहार किया। देश के 70 लाख लोगों में से कम से कम 17 लाख मारे गए। उस खूनी क्रांति का क्रूर नेता पोल पोट थाभयावह काल के बाद कम्बोडिया ने अपना पुनर्निर्माण करने और भव्य अतीत को दुबारा जीने का प्रयास किया। इस बार लोगों को उम्मीद थी कि उनका देश असली लोकतंत्र बनेगा। लेकिन आज चार दशक बाद भी, कंबोडिया, जो लगभग 1.60 करोड़ आबादी वाला विकासशील राष्ट्र है, अपने खूनी अतीत को भुला नहीं सका है। उसका आज भयावह है और कल अंधकारमय। खमेर रूज के पतन के 44 साल बाद भी स्थितियां लगभग वैसी ही हैं।हुन सेन 38 साल से वहां के प्रधानमंत्री हैं। वे पहले खमेर रूज से जुड़े हुए थे और 1985 से सत्ता पर काबिज हैं। वे कम्युनिस्ट कम्बोडियन पीपुल्स पार्टी के नेता हैं और 'चुनाव' के बाद, जिसके लिए कंबोडियाईयों ने 23 जुलाई को वोट डाले, वे न केवल दुनिया में सबसे अधिक समय तक पद पर रहने वाले प्रधानमंत्री बन जाएंगे बल्कि खमेर साम्राज्य के बाद सर्वाधिक समय तक कंबोडिया पर शासन करने वाले व्यक्ति भी।

वे एक विवादास्पद नेता हैं। पश्चिमी देश उनके शासन के आलोचक रहे हैं और जनता उनसे डरती है। जिन्हें पता न हो उनकी जानकारी के लिए रविवार को कंबोडिया में हुआ मतदान वहां का सातंवा आमचुनाव था। लेकिन मतदाताओं के सामने केवल एक विकल्प है ङ्क हुन सेन की पार्टी। कई हफ्तों तक चले चुनाव अभियान और विरोधियों के खिलाफ कार्यवाहियां के दौर के बाद हुन सेन की सत्ताधारी कंबोडियन पीपुल्स पार्टी (सीपीपी) ही अकेली चुनावी मैदान में है। विपक्षी सांसदों के अनुसार उन पर कई हिंसक हमले हुए, ह्यूमन राईट्स वाच की रपट के अनुसार जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते गए, सरकार द्वारा राजनैतिक विरोधियों को डराने-धमकाने और मनमानी गिरफ्तारियां करने की घटनाएं बढती गईं। मई में सरकार ने एक तकनीकी मुद्दे को आधार बनाकर देश के सबसे प्रमुख विपक्षी दल, केंडिललाईट पार्टी पर प्रतिबंध लगा दिया। राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए दस्तावेजों में ऐसी कमियां थीं जो पिछले साल हुए स्थानीय चुनाव लड़ने में बाधक नहीं थीं। स्थानीय चुनावों में केंडिललाईट पार्टी को 22 प्रतिशत वोट मिले थे। और विश्लेषकों का कहना है कि हुन सेन को इस पार्टी में स्वयं के लिए खतरा नजर आया।

विपक्ष को कुचलने के अलावा, हुन सेन असहमति और आलोचना को भी कुचलते रहे हैं जिससे मजबूर होकर कई लोग देश छोड़कर भाग गए है। मीडिया के खिलाफ भी कार्यवाहियां हुई हैं। वहां के सबसे बड़े मीडिया संस्थान वाईस आफ डेमोक्रेसी पर हुन सेन ने उन पर और उनके पुत्र पर हमले करने और उनकी 'प्रतिष्ठा व गरिमा' को नुकसान पहुँचाने के आरोप लगाए था। इसके बाद इस वर्ष के शुरू में इस संस्थान पर ताला लगने के बाद वहां अब स्वतंत्र मीडिया जैसी किसी चीज का अस्तित्व नहीं बचा है। पिछले माह वहां के टेलिकॉम रेगुलेटर ने इंटरनेट सेवा देने वाली कंपनियों और तीन दूसरे समाचार माध्यमों की वेबसाईटों को ब्लाक करने का आदेश दिया। और हां, अब हुन सेन को प्रधानमंत्री कहकर संबोधित नहीं किया जाता है। सन् 2016 में समाचारपत्रों, रेडियो और टेलीविजन संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि हुन सेन की छःह शब्दों की मानद पदवी का जिक्र उनसे संबंधित सभी खबरों की शुरूआती पंक्तियों में करें अन्यथा उन्हें कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। इस पदवी का अनुवाद लगभग यह होगा ङ्क ''दैवीय प्रधानमंत्री एवं सेना के सर्वोच्च सेनापति÷।हुन सेन को यह पदवी कंबोडिया के सम्राट नोरोडोम सिम्होनी द्वारा सन् 2007 में दी गई थी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हुन सेन को न केवल अपने निरंकुश शासन के कारण आलोचना का सामना करना पड़ता है बल्कि चीन से संबंध प्रगाढ़ करने के कारण भी उन्हें बुरा-भला कहा जाता है। उनके जरिए कंबोडिया में चीन का सैन्य, आर्थिक और राजनीतिक दबदबा बहुत बढ़ गया है, जिसके चलते कंबोडिया लगभग चीन का पिछलग्गू बन गया है। इन तमाम कमियों और दबावों के बावजूद हुन सेन चाहेंगे कि उनके राज को दशकों तक हुए आर्थिक विकास और शांति स्थापित करने के लिए याद किया जाए। उनके द्वारा उनकी शान को समर्पित नवीनतम प्रयास है विन विन मान्यूमेंट, जो दशकों के टकराव को समाप्त करने के उद्धेश्य से खमेर रूस के सदस्यों को क्षमादान देने के लिए 1990 के दशक में लागू की गई उनकी नीति का नाम था। एक रहस्यपूर्ण राजनीतिज्ञ होने के नाते उन्होंने अपनी छवि ऐसी बनाई है कि कंबोडिया को खमेर रूस से बचाने का श्रेय उन्हें और सिर्फ उन्हें है। विन-विन स्मारक पर बने चित्रों में दिखाई गई हैं भरपूर फसलें, व्यस्त बंदरगाह और बढ़ती हुई जीडीपी। सन् 1998 से 2019 तक कंबोडिया की अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर 8 प्रतिशत रही, जो उसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाती है। कोविड-19 महामारी समाप्त होने के बाद अब पर्यटक दुबारा देश में आ रहे हैं और विश्व बैंक का अनुमान है कि इस वर्ष अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 5।5 प्रतिशत रहेगी। कंबोडिया के इस प्रभावशाली आर्थिक विकास से लाखों लोग गरीबी से उबरे हैं। विश्व बैंक के मुताबिक देश की आबादी में गरीबों का प्रतिशत तेजी से घट कर 2020 के दशक में पहले से करीब आधा -18 प्रतिशत ङ्क रह गया है। इस आर्थिक विकास के बावजूद देश में अपनी मर्जी से जीने और सांस लेने की आजादी नहीं है। इस चुनाव के बाद हुन सेन प्रधानमंत्री की गद्दी अपने सबसे बड़े पुत्र हुन मेनेट को दे देंगे।23 जुलाई को हुए चुनाव में हुन सेन ने भारी जीत और सत्ता हासिल की और अगले कई वर्षों तक उनके और उनके पुत्रों के सत्ता पर काबिज रहने का मार्ग प्रशस्त किया। जहां तक कंबोडिया का सवाल है, चुनाव के इस प्रहसन और देश के लोकतांत्रिक होने के जो ढोल पीटे जा रहे थे, उनसे वहां लोकतंत्र कायम होने की जो थोड़ी-बहुत आशा थी, वह भी ख़त्म हो गयी है।

## तस्वीरों की दुनिया



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की।




जूनागढ़ में दो मंजिला इमारत ढहने की जगह पर बचावकर्मी, कई लोगों के फंसे होने की आशंका।



संत कबीर नगर में बखिरा झील के पास गिरने के बाद धान के खेत में एक लड़ाकू विमान का ईंधन टैंक।



जालंधर में मानसून की बारिश के बाद जलजमाव वाली सड़क से होकर गुजरते यात्री।



चमोली जिले के कमेड़ा के पास भारी मानसूनी बारिश के कारण बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा बह जाने के बाद मौके पर पुलिस कर्मी मौजूद हैं।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में भारतीय वन सेवा (2022 बैच) के परिवीक्षाधीनों और भारतीय रक्षा संपदा सेवा (2018 और 2022 बैच) के अधिकारियों/अधिकारी प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत के दौरान।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावण मास के तीसरे सोमवार को गोरखपुर में पूजा-अर्चना की।

# पांच साल के बच्चे ने 30 सेकंड में पीएनबी कैश काउंटर से उड़ाए एक लाख रुपये, सीसीटीव्ही में कैद हुई वारदात

**बक्सर, 25 जुलाई [एजेंसी]।**

बक्सर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य शाखा में सोमवार की दोपहर सबकी आंखों के सामने से ही एक महिला के साथ आए पांच साल के बच्चे ने कैश काउंटर से एक लाख रुपये उड़ा लिए। वारदात को अंजाम देने के साथ ही महिला वहां से काफी तेजी से बच्चे के साथ निकल गई।चोरी की पूरी वारदात सीसी कैमरे में कैद हो गई है। मामले की जानकारी मिलते ही सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रही महिला की तलाश में पुलिस लग गई है।घटनाक्रम की जानकारी देते पीएनबी के मुख्य शाखा प्रबंधक अनूप कुमार ने बताया कि चोरी की यह वारदात दोपहर 12.33 बजे हुई है। उस समय कैश काउंटर पर कैशियर उपेंद्र कुमार पांडेय ग्राहकों का काम करने में व्यस्त थे।उनकी केबिन के बंद गेट के बाहर करीब 30 वर्षीय एक महिला पांच साल के बच्चे के साथ चौकन्नी निगाहों से चारों तरफ देखते हुए खड़ी थी। इसी बीच किसी ग्राहक के काम से महज 30 सेकंड के लिए कैशियर केबिन से बाहर निकले, तब उन्होंने केबिन का




दरवाजा बंद नहीं किया था। इसी बीच महिला के साथ मौजूद बच्चा पहले तीन-चार बार केबिन का दरवाजा खोलकर अंदर झांकता है और फिर एक झटके से काउंटर पर मौजूद 500 रुपये के नोटों की दो गड्डी उठाकर निकल जाता है।बच्चे के केबिन से बाहर आते ही कैशियर वहां पहुंचकर अपनी केबिन में जाकर बैठ जाते हैं। इधर, बच्चे के बाहर आते ही महिला उसे लेकर तेजी से बैंक से बाहर निकलती है और सीढ़ियों से नीचे सड़क पर आने के बाद लगभग भागते हुए वहां से निकल जाती है। कुछ देर बाद जब कैशियर को काउंटर पर रखी गड्डी दिखाई नहीं देती है, तब वह बेचैनी में चारों तरफ ढूंढने लगते हैं और नहीं मिलने पर इसकी सूचना अपने सहयोगियों के साथ ही मुख्य प्रबंधक को देते हैं।सीसीटीवी फुटेज की जांच में महिला के साथ मौजूद बच्चा चोरी करते दिखाई देने के साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस महिला की पहचान के प्रयासों में जुट गई है। इस संबंध में पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि जो भी महिला को पहचानते हों वह नगर थाना या एसपी को इसकी गुप्त सूचना देकर पहचान करने में पुलिस की मदद कर सकते हैं।बैंक प्रबंधक ने बताया कि घटना के बाद सोमवार को सुबह से बैंक आए तमाम ग्राहकों के ट्रांजेक्शन स्लिप की इस उम्मीद के साथ जांच की जा रही है कि हो सकता है कि उक्त महिला का बैंक में कोई अकाउंट हो और वह बैंक किसी काम के बहाने आई हो।ऐसे में बैंक के रिकार्ड से महिला की तस्वीर के साथ उसकी पहचान होने की संभावना है। हालांकि, महिला की शातिराना गतिविधियों को देखते हुए यही प्रतीत होता है कि उसके साथ मौजूद बच्चा भी अपने काम में माहिर है, जो काउंटर पर मौजूद छोटे नोटों को छोड़ सिर्फ बड़े नोटों की गड्डी ही उठाता है।

# गंगा किनारे बढ़ेगा रोजगार, 16 कम्युनिटी जेटी बनकर हुईं तैयार, नावों व स्टीमरों से होगा व्यापार

**वाराणसी, 25 जुलाई [एजेंसी]।**

जल परिवहन के रास्ते गांवों की किस्मत बदलने की कोशिश जारी है। वाराणसी में पर्यटन चमक रहा है। अब पूर्वांचल में कई जिलों के ग्रामीण जीवन में आर्थिक बदलाव लाने की तैयारी है।पर्यटन के साथ स्वरोजगार बढ़ेगा। गंगा के किनारे बसे 17 गांवों का आर्थिक उन्नयन होगा। यहां पर्यटक आएंगे। वह ग्रामीण संस्कृति में ढलेंगे, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण जमीन तैयार कर रहा है। बनारस से बलिया तक 16 कम्युनिटी जेटी का निर्माण पूर्ण हो चुका है, एक जगह काम इसी महीने पूरा हो जाएगा।छह महीने पहले करीब 22 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, इसमें 18 करोड़ खर्च हो चुके हैं। अब सुविधा विस्तार का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। सर्वे



रिपोर्ट तैयार हो रही है। हर छोटी-बड़ी जरूरतों का ध्यान रखा जा रहा है। बनारस से कोलकाता के बीच जलमार्ग से मालवाहक जहाज का आवागमन हो रहा है। विदेश से पर्यटक भी आते हैं।गंगा विलास व राजमहल जैसे क्रूज संचालित हो रहे हैं, लेकिन अभी जलमार्ग पर जहाजों का ठहराव बहुत सीमित है। अब इसमें वृद्धि होगी, इसीलिए कम्युनिटी जेटी का निर्माण हुआ है। पर्यटक ठहरेंगे और घूम-फिरकर खरीदारी करेंगे। छोटा बाजार विकसित होगा और कारोबारी माहौल बनेगा।सुविधाओं का विस्तार किए जाने के बाद कम्युनिटी जेटी को नगर विकास और पंचायत राज विभाग को हैंडओवर किया जाएगा। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से सहयोग लेंगे। वह पर्यटकों के टूर के वक्त अपने स्टाल लगाएंगी। जिले की खास वस्तुओं का प्रस्तुतिकरण करेंगी। पर्यटकों को खूबियां बताएंगी और एनआरएलएम काम शुरू कर चुका है।

## स्विट्ज़रलैंड में बवंडर ने मचाई भारी तबाही, क्रेन गिरने से एक व्यक्ति की मौत; कई इमारत क्षतिग्रस्त



**बर्न।** स्विट्जरलैंड में बवंडर ने भारी तबाही मचाई है। इसके कारण उत्तर-पश्चिमी स्विट्जरलैंड के एक शहर को भारी नुकसान पहुंचा है। बवंडर के कारण देश में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घालय हो गए हैं। उन्होंने बताया कि तूफान ने उत्तर-पश्चिमी स्विट्जरलैंड के न्यूचैटेल में ला चाक्स-डी-फोंड्स शहर को सबसे अधिक प्रभावित किया है। न्यूचैटेल पुलिस ने कहा कि बवंडर के कारण रेलवे स्टेशन के पास क्रेन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि अन्य कई लोग घायल हो गए। मालूम हो कि तूफान काफी तेजी से गुजर गया। हालांकि, तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर भारी नुकसान पहुंचा है। तुफान के कारण बड़े पैमाने पर वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और कई जगहों पर इमारतें टूट गईं और फर्नीचर उड़ गया।पुलिस ने बताया कि बचाव और सफाई अभियान को तेजी से चलाया जा रहा है। हालांकि, स्विस राष्ट्रीय मौसम सेवा ने चेतावनी दी है कि आगे भी तूफान आने की संभावना है। विभाग ने लोगों से बाहर जाने से बचने का आग्रह किया है।

## विवादास्पद कानून को यूएस ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण, राष्ट्रपति बाइडन बोले-लोकतंत्र में आम सहमति होना जरूरी

**वाशिंगटन, 25 जुलाई [एजेंसी]।**

इजरायल की संसद में सोमवार को विवादास्पद न्यायिक सुधार बिल को कानून का रूप दे दिया गया। इस विधेयक को पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के सत्तारूढ़ कट्टर दक्षिणपंथी गठबंधन के सभी 64 सांसदों ने मंजूरी दी है। दूसरी ओर विपक्षी सांसदों ने इसका बहिष्कार किया है। वहीं, इस बिल के पास होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसको दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। इस मामले पर व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा कि इजरायली संसद के वोट से सुप्रीम कोर्ट की कुछ शक्तियां



छीनना दुर्भाग्यपूर्ण है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने एक बयान जारी किया। बयान के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि लोकतंत्र में बड़े बदलावों को स्थायी बनाने के लिए यथासंभव व्यापक सहमति होनी चाहिए। चिव कैरिन जीन-पियरे ने कहा कि अमेरिका इजरायल के राष्ट्रपति हर्जोग और अन्य इजरायली नेताओं के प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेगा क्योंकि वे राजनीतिक बातचीत के माध्यम से व्यापक सहमति बनाना चाहते हैं।मालूम हो कि इस विवादास्पद कानून के खिलाफ इजराइल में साल की शुरुआत यानी पिछले सात महीने से ही विरोध हो रहा है। विरोध करने वालों का दावा है कि यह कानून इजरायल में न्यायपालिका के अधिकार को सीमित कर देगा और सारी शक्तियां सरकार के पास आ जाएंगी। प्रस्तावों में एक विधेयक शामिल है जो संसद में साधारण बहुमत से सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को पलटने की अनुमति देगा, जबकि दूसरा संसद को जजों की नियुक्ति में आखिरी अधिकार देगा।न्यायिक सुधार बिल पर सहमति के लिए आखिरी समय तक सरकार और विपक्ष के बीच बातचीत हुई लेकिन विफल रही। विपक्षी नेता याइर लापिड ने सोमवार को कहा कि इस सरकार के साथ ऐसे किसी समझौते पर पहुंचना असंभव है, जिससे लोकतंत्र सुरक्षित रहे। सरकार इस देश को तबाह करना चाहती है, लोकतंत्र, सुरक्षा, एकता और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को खत्म कर देना चाहती है।

### बच्चों से हैवानियत करने वाले वाले हैड मास्टर के खिलाफ 1500 पेज की चार्जशीट और सीडी अदालत में पेश

**उदयपुर।** 8 से 12 साल की कई स्कूली छात्राओं के साथ हैवानियत करने वाले हेड मास्टर रमेशचंद्र कटारा के खिलाफ पुलिस ने डूंगरपुर की पोक्सो अदालत में सोमवार को 53 दिन बाद 1500 ने चालान पेश किया। पुलिस ने एफएसएल रिपोर्ट की सीडी अदालत को उपलब्ध कराने के साथ आरोपी की लोकेशन डिटेल की जानकारी पेश की है। पुलिस का दावा है कि आरोपी के खिलाफ ऐसे कई सबूत मिले हैं, जो उसे सजा दिलाने में सक्षम साबित होंगे।

## जम्मू-कश्मीर ने पेश की देशभक्ति की अनूठी मिसाल, आजादी के अमृत महोत्सव में आयोजित किए डेढ़ लाख समारोह

**जम्मू, 25 जुलाई [एजेंसी]।**

आजादी का अमृत महोत्सव में जम्मू-कश्मीर की भागीदारी बहुत बेहतर रही है। इसके तहत डेढ़ लाख समारोह कर यह देश में अग्रणी रहा है। इसमें से 44,652 कार्यक्रम केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने किए हैं। जम्मू कश्मीर में 75 विरासती जगह, 75 पर्यटन गांव, 75 सूफी महोत्सव किए हैं।विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद की गतिविधियों में 10 लाख युवाओं को शामिल किया है। 15 लाख तिरंगे फहराए गए हैं। 5100 से अधिक युवा क्लब बनाए गए हैं। अब प्रदेश के पंचायत की मिट्टी राष्ट्रीय स्मारक और अमृत वाटिका के लिए नई दिल्ली पहुंचेगी। मुख्य सचिव डा. अरुण कुमार मेहता ने आजादी का अमृत महोत्सव के ग्रैंड फिनाले समारोह की



तैयारियों का जायजा लिया। विभिन्न समारोह पिछले एक साल से अधिक समय से चल रहे हैं।मुख्य सचिव ने डिवीजनल और जिला प्रशासन की सराहना की जिन्होंने पिछले कई महीनों के दौरान कई कार्यक्रम किए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे राष्ट्रव्यापी महोत्सव के समापन समारोह पंचायत से शुरू होकर हर स्तर तक किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि हर कार्यालय, स्कूल, कालेज में 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना चाहिए और साफ सफाई के विशेष प्रबंध करने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सभी समारोहों में भाग लें और दूसरों को भी प्रेरित करें। उन्होंने जिला प्रशासन से कहा कि वह अपने अपने क्षेत्र की पंचायतों हलका के प्रदर्शन की निगरानी करें।मुख्य सचिव ने कहा कि पंचायत प्रभारियों को शामिल करके समारोह किए जाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीरों का चयन किया जाए ताकि उन्हें सम्मानित किया जा सके। संस्कृति और पर्यटन विभाग के सचिव डा. सैयद आबिद रशीद शाह ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश-मिट्टी को नमन वीरों का वंदन के तहत कार्यक्रम किए जाएंगे।

## राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले मंत्री बन्ना गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग के कामों की दी जानकारी



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें झारखंड में चल रहीं स्वास्थ्य विभाग के गतिविधियों और भविष्य की कार्य योजनाओं से अवगत कराया।मंत्री ने राज्यपाल को बताया कि स्वास्थ्य विभाग सीमित संसाधन के बावजूद इनोवेटिव आइडिया के साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा का लाभ दे रहा है।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विगत दिनों समीक्षा बैठक कर निर्देश दिया है कि राज्य के मेडिकल अस्पतालो में 24 गुना 7 चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त किया जाए। हम उस पर कार्ययोजना बनाकर कार्य कर रहे हैं। साथ ही कालाजार उन्मूलन, सिकल सेल एनीमिया, सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन के साथ टीबी मुक्त झारखंड हेतु कार्य किया जा रहा है। राज्यपाल ने सभी बातों को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद स्वास्थ्य सेवा को सुधारने हेतु विशेष दिशा निर्देश दिए।

### विपुल गोयल, बनवारी लाल और मनीष ग्रोवर को मंत्री बनाने के खिलाफ दायर याचिका छह साल बाद खारिज

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 13वीं विधानसभा में कुल विधायकों के 15 फीसदी से ज्यादा मंत्री बनाए जाने के खिलाफ एक जनहित याचिका को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सरकार व प्रतिवादी पक्ष की तरफ से आग्रह किया गया कि यह याचिका अब निरर्थक हो गई और इसे आगे जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है।सभी पक्षों को सुनने के बाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रवि शंकर झा पर आधारित खंडपीठ ने कहा कि इस मामले को आगे बढ़ाने के लिए याची की तरफ से कोई मौजूद नहीं है। ऐसे में हाई कोर्ट के पास इस याचिका को खारिज करने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है।

## हाईकोर्ट ने 198 बीआरसीसी शिक्षकों को वापस स्कूलों में भेजने का दिया आदेश, सरकार से जताई सहमति



**शिमाल, 25 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रदेश हाईकोर्ट ने 198 बीआरसीसी शिक्षकों को वापस स्कूलों में भेजने के आदेशों पर अपनी मुहर लगा दी। 13 जून 2023 को प्रदेश सरकार ने 198 बीआरसीसी को वापिस स्कूलों में भेजने के आदेश जारी किए थे। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव व न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की खंडपीठ ने मायाराम शर्मा व अन्य द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया।उनके अनुसार सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत 6 वर्ष से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को जरूरी शिक्षा मुहैया करवाने के उद्देश्य से इस नीति के अंतर्गत प्रार्थी को तैनात किया गया है। याचिका में दिए तथ्यों के अनुसार प्रार्थियों को बी आर आर सी सी नीति के अंतर्गत काफी राशि का व्यय व प्रशिक्षण के लिए समय का उपयोग करने के पश्चात तैनात किया गया था। प्रार्थियों के अनुसार राज्य सरकार ने शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए 5 जुलाई 2023 को उन्हें फिर से स्कूलों में भेजने के आदेश पारित कर दिए।इन आदेशों को प्रार्थियों ने याचिका के माध्यम से चुनौती दी थी। दूसरी ओर से राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को यह बताया गया था कि वर्तमान में सभी जिलों में लगभग 3889 पद जेबीटी और 597 पद हेड टीचर के रिक्त पड़े हैं। टीजीटी आर्ट्स के 691, नॉन मेडिकल के 689 और मेडिकल के 371 पद रिक्त पड़े हैं।रिक्त पदों के चलते बच्चों की शिक्षा पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। कोर्ट ने कहा कि सरकार द्वारा बीआरसीसी को फिर से स्कूलों में भेजने के इस कदम में कुछ भी गैरकानूनी नहीं है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की दलीलों से सहमति जताते हुए कोर्ट में आए 55 शिक्षकों की याचिका को खारिज कर दिया।

## फिर उफान पर गंगा नदी, जलस्तर 293.25 चेतावनी रेखा के पार; निचले इलाकों में जलभराव की आशंका

**हरिद्वार, 25 जुलाई [एजेंसी]।**

पहाड़ों पर हो रही बरसात के कारण उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगा का जलस्तर सोमवार देर रात चेतावनी रेखा को पार कर गया। जलस्तर अब 293.25 मीटर पहुंच गया है।

गंगा के जलस्तर में अचानक आए इस उफान के बाद प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए तटवर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बड़ा दी है, सभी बाढ़ चौकियों को 24 घंटे सतर्कता बरतने को कहा गया है, भीमगोड़ा बैराज से सिंचाई विभाग के अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। डूबे क्षेत्रों को पहले ही खाली कराया जा चुका है। शहरी क्षेत्र से लेकर देहात तक प्रशासनिक सक्रियता बढ़ गई है, अधिकारियों को रात में सर्तक रहने को कहा गया है।उधर, बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित चल रहे लक्सर क्षेत्र में दो दिन मौसम साफ रहने के बाद सोमवार शाम गंगा के जलस्तर में अचानक आए उफान से नागरिकों की नींद उड़ गई है। लक्सर प्रतिनिधि के अनुसार दोपहर बाद से बारिश के चलते गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा था, शाम होते-होते यह चेतावनी रेखा को पार कर गया। इसके चलते गंगा से सटे इलाकों



में लाउडीस्पीकर से जनता को इसकी सूचना देते हुए प्रशासन और पुलिस टीमों ने ग्रामीणों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है।पुलिस ने ग्रामीणों को गंगा क्षेत्र में न जाने के लिए मना किया। एसडीएम, सीओ व कोतवाल ने गंगा क्षेत्र का भ्रमण कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया और राहत-बचाव कार्य की तैयारियों को परखा। सोमवार देर रात जलस्तर बढ़कर 293.25 मीटर पर पहुंच गया।चेतावनी निशान 293 मीटर तथा खतरे का निशान 294 मीटर पर है। जिलाधिकारी धीराज सिंह ग्बर्याल के निर्देश पर प्रशासनिक अमला तुरंत हरकत में आ गया। एसडीएम, तहसीलदार, और पुलिसकर्मियों ने गंगा क्षेत्र के रामपुर रायघटी, केवलपुरी, सौंपरी, पंडितपुरी, बालावाली, डुमनपुरी, कलसिया, माडाबेला, शेरपुर बेला, जोगावाला, गिद्धावाली आदि गांवों में प्रशासन और पुलिस की टीमों ने अनाउंसमेंट कर ग्रामीणों को नदियों के निकट नहीं जाने और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है।

उपजिलाधिकारी लक्सर गोपाल राम बिनवाल ने बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। गंगा से सटे गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। ग्रामीणों से खेतों, जंगल, एवं गंगा के किनारे नहीं जाने और सतर्कता बरतने की अपील की गई है। एसडीएम ने बताया कि यह पानी सोलानी नदी में नहीं आएगा। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और अफवाह से भय फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि स्तिथि पर बराबर नजर रखी जा रही है।

# हारी सीटों पर जीत के लिए बिसात बिछाने में जुटी भाजपा

**लखनऊ, 25 जुलाई [एजेंसी]।**

विपक्षी दलों में सेंध लगाकर भाजपा अपने विरोधियों पर मनौवैज्ञानिक दबाव बनाने के साथ ही पिछले लोक सभा में हारी 14 सीटों पर जातीय समीकरणों को मजबूत कर पासा पलटने की मुहिम में जुटी है। पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को साधने के बाद सोमवार को विपक्षी दलों के कई चेहरों को अपने खेमे में शामिल कराना पार्टी की इसी रणनीति का हिस्सा है। विपक्षी दलों के नेताओं की नई खेप की आमद से भाजपा ने पूर्वांचल के साथ ही पश्चिमी उप्र में सहारनपुर और मुरादाबाद मंडलों की लोकसभा सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश की है।पिछले लोक सभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की 80 में से 62 और उसके सहयोगी अपना दल (एस) ने मीरजापुर और राबर्ट्सगंज की दो लोक सभा सीटें जीती थीं। बाकी 16 सीटें बसपा, सपा और कांग्रेस के खाते में गई थीं। उप चुनाव में भाजपा ने आजमगढ़ और रामपुर लोक सभा सीटें सपा से छीन ली थीं। 14 सीटें अब भी पार्टी के कब्जे से बाहर हैं, जिनमें बिजनौर, नगीना, सहारनपुर, अमरोहा, संभल, मुरादाबाद, मैनपुरी, रायबरेली, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, गाजीपुर, घोसी, जौनपुर और लालगंज शामिल हैं। इन 14 सीटों में से बिजनौर,



सहारनपुर, नगीना, रामपुर, संभल, अमरोहा, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, गाजीपुर, लालगंज, जौनपुर, घोसी सीटें भाजपा ने 2014 में जीती थीं लेकिन 2019 में हार गई। उपचुनाव में रामपुर और आजमगढ़ सीटों को जीतने के बावजूद भाजपा ने जोखिम के लिहाज से इन्हें भी रेड जोन में रखा है। पार्टी का ध्येय इन सीटों की कमजोर कड़ियों को चिह्नित कर उन्हें दूर करते हुए पार्टी की जीत के लिए मजबूत किलाबंदी करना है।सहारनपुर और मुरादाबाद मंडलों में सैनी बिरादरी की बड़ी संख्या है। भाजपा की सर्वाधिक हारी हुईं सीटें मुरादाबाद मंडल में हैं। सहारनपुर से ताल्लुक रखने वाले पूर्व मंत्री साहब सिंह सैनी और मुजफ्फरनगर निवासी पूर्व सांसद व रालोद नेता राजपाल सैनी के भाजपा में शामिल होने से दोनों मंडलों में सैनी बिरादरी पर पार्टी की पकड़ मजबूत होगी। खासतौर पर तब जब पिछले विधान सभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री धर्म सिंह सैनी की अब तक पार्टी में वापसी नहीं हो पाई है।दारा सिंह चौहान और ओम प्रकाश राजभर के बाद अब जौनपुर से ताल्लुक रखने वाले पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर, राजनीतिक परिवार से नाता रखने वाली पूर्व विधायक सुषमा पटेल और सपा के पूर्व विधायक गुलाब सोनकर को अपने साथ जोड़कर भाजपा ने पूर्वांचल की जौनपुर सीट पर अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ आसपास के क्षेत्र में भी दलित समुदाय और कुर्मी बिरादरी को बड़ा संदेश दिया है।सुषमा पटेल के श्वसुर दूधनाथ पटेल और सास सावित्री पटेल भी जौनपुर की मड़ियाहूं सीट से विधायक रह चुके हैं। दलित और कुर्मी बिरादरी के इन नेताओं के भाजपा में शामिल होने से आजमगढ़ जिले की लालगंज लोक सभा सीट पर भी पार्टी की स्थिति सुदृढ़ होगी। वहीं राज्य सभा के उप सभापति रहे श्यामलाल यादव की पुत्री शालिनी यादव को पार्टी में शामिल कर भाजपा ने पूर्वांचल में यादव बिरादरी पर भी पकड़ बनाने की कोशिश की है। शालिनी महापौर के चुनाव में वाराणसी से कांग्रेस प्रत्याशी थीं जबकि 2019 के लोक सभा चुनाव में वह वाराणसी सीट से बतौर सपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुकाबिल हुई थीं।

## चीन के साथ रिश्ते सुधारने पर काम कर रहा यूएसः एंटनी ब्लिंकन



**कोलोराडो।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध पर बोलते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि वाशिंगटन यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है कि बीजिंग के साथ प्रतिस्पर्धा विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच संघर्ष में न बदल जाए। एक साक्षात्कार में उन्होंने यह बात कही।उन्होंने आगे कहा कि हम दोनों देशों के बीच रिश्ते में कुछ स्थिरता बनाने के लिए काम कर रहे हैं। हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि यह प्रतिस्पर्धा संघर्ष में न बदल जाए, जो किसी के हित में नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम दोनों देशों के बीच संचार के तरीकों को मजबूत करने, बातचीत करने, हमारे गहरे मतभेदों को कम से कम करने पर काम कर रहे हैं।अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा अमेरिका और चीन दोनों देश आपसी रिश्ते में सुधार के लिए प्रबंधन करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्ते खराब होने से पूरी दुनिया पर इसका प्रभाव पड़ता है। मालूम हो कि अमेरिकी विदेश मंत्री हाल ही में दो दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर चीन का दौरा किया था। इसी के साथ वह पिछले पांच सालों में बीजिंग की यात्रा करने वाले अमेरिका के पहले विदेश मंत्री थे।

# मानसून में पैरों की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स



**मानसून के दौरान जहां बुखार, खांसी और सर्दी आम बात है, वहीं इस मौसम में पैरों के फंगल या बैक्टीरियल संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। इसका कारण है कि बरसात के दिनों में सड़कों पर जलभराव और कीचड़ होने समेत बैक्टीरिया काफी बढ़ जाते हैं, जिनके संपर्क में आने से पैरों की समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में आप इन 5 टिप्स को आजमाकर अपने पैरों को स्वस्थ और खूबसूरत बनाए रख सकते हैं।**

## बंद जूते पहनने से बचें

मानसून में बंद जूते पहनने से पैरों को काफी नुकसान पहुंच सकता है। इसका कारण है कि अगर इनमें बारिश का पानी या कीचड़ चला जाता है तो इससे पैरों में फंगल इंफेक्शन, खुजली और बदबू जैसी समस्याएं हो सकती हैं। आप मानसून में इन फुटवियर्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकते हैं, जो मानसून के अनुकूल भी हैं। साथ ही हमेशा अच्छी क्वालिटी और सही साइट के फुटवियर का चयन करें।

## हमेशा अपने पैरों को रखें साफ और सूखा

गीले और गंदे पैरों के कारण फंगल इंफेक्शन, फटी एड़ियां और दाने आदि समस्याएं हो सकती हैं। अगर आप इनसे बचे रहना चाहते हैं तो अपने पैरों को हमेशा साफ और सूखा रखें। इसके लिए जब भी आप कहीं बाहर से घर आए तो सबसे पहले अपने जूते और मोजे एंटी-बैक्टीरियल सॉल्यूशन वाले पानी से धोएं, फिर अपने पैरों को हल्के साबुन और गर्म पानी से साफ करें। इसके अतिरिक्त फर्श या गीली घास पर नंगे पांव चलने से बचें।

## पैरों को करें एक्सफोलिएट

एक्सफोलिएशन पैरों के डेड स्किन सेल्स से छुटकारा दिलाने और कीटाणुओं को खत्म करने में मदद करता है। लाभ के लिए 2 बड़ी चम्मच कॉफी पाउडर, आधा चम्मच बेसन और 1 चम्मच चीनी को एक साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने पैरों पर लगाकर हल्के हाथों से रगड़ें और 10 मिनट के लिए मसाज करके अपने पैरों को गुनगुने पानी से धोकर तौलिए से पोछ लें। इसके बाद इन पर मॉइस्चराइजर लगाएं।

## पेडीक्योर से बचें और नाखूनों को छोटा रखें

इस मौसम के दौरान सैलून में पेडीक्योर करवाने से बचें क्योंकि आधे रास्ते में ही आपके पैर कीचड़ और गंदगी से खराब हो सकते हैं। इसकी बजाय आप आसान और प्राकृतिक सामग्रियों का इस्तेमाल करके घर पर ही पेडीक्योर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त लंबे नाखूनों में धूल और गंदगी जमा हो सकती है, जिससे फंगल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है इसलिए अपने पैर के नाखूनों को नियमित रूप से ट्रिम करें और उन्हें छोटा रखें।

## फुट मास्क का करें उपयोग

फुट मास्क पैरों की सूखी त्वचा और फटी एड़ियों का इलाज करने समेत इन्हें डीप मॉइस्चराइज करने में मदद कर सकते हैं। पैरों की देखभाल के लिए आप फुट मास्क तैयार कर सकते हैं या फिर अपने पैरों को गुनगुने पानी से साफ करके इन पर जैतून का तेल, कोकोआ बटर, हल्दी और विटामिन-श्र कैप्सूल का मिश्रण लगाएं। 5-10 मिनट के बाद पैरों को धोकर तौलिए से पोंछ लें।



## शरवरी पर बड़ा दांव खेलेगा यशराज फिल्म्स आलिया के साथ स्पाई यूनिवर्स में कराई एंट्री

पिछले दिनों खबर आई थी कि आलिया भट्ट यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बन गई हैं। इस खबर ने बॉलीवुड गलियारों में खूब तूल पकड़ा, क्योंकि आलिया को बेशक बहुत बड़ा मौका मिला है। अब खबर है कि इस स्पाई फिल्म में आलिया के साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ नजर आएंगी। यशराज फिल्म्स इन दोनों अभिनेत्रियों के साथ अपने नए सफर की शुरुआत करने के लिए उत्साहित है। रिपोर्ट के मुताबिक, वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स में आलिया के साथ शरवरी शामिल हो गई हैं। शूटिंग 2024 के मध्य तक शुरू होगी। शरवरी ने बंटी और बबली 2 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल पाई। हालांकि, आदित्य चोपड़ा को शरवरी की प्रतिभा पर भरोसा है। उन्हें लगता है कि उनमें वो बात है, जो किसी सुपरस्टार में होनी चाहिए, इसलिए वह उन पर बड़ा दांव खेलने को तैयार हैं।

पठान में शाहरुख खान और सलमान खान को साथ देख दर्शकों ने खूब सीटियां बजाईं। अब आलिया और शरवरी पर यशराज फिल्म्स यह प्रयोग करने वाला है। इन फिल्मों में दोनों का धांसू एक्शन अवतार देखने को मिला। वे पर्दे पर साथ में जासूसी करती दिखेंगी। जल्द ही उनकी ट्रेनिंग शुरू होगी। वे अपने-अपने किरदार की तैयारी के लिए वर्कशॉप में भी शामिल होने वाली हैं। शरवरी फिल्म के मिशन में आलिया के साथ अहम भूमिका निभाएंगी।

एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3, वॉर 2 और टाइगर वर्सेज पठान के बाद आलिया और शरवरी अभिनीत यह फिल्म वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की 8वीं फिल्म होगी। इसके निर्देशक का नाम सामने नहीं आया है, लेकिन इतना तय है कि यशराज इसे पठान और अपने इस यूनिवर्स की पिछली फिल्मों के स्तर पर ही बनाने वाला है। यशराज के स्पाई यूनिवर्स का ऐलान इसी साल हुआ था। इसमें स्पाई यानी जासूसी पर आधारित फिल्में शामिल होंगी।

# प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल हो सकता है खतरनाक



मां बनना एक बहुत ही खूबसूरत एहसास होता है लेकिन यह जर्नी काफी कठिन होती है. इसमें मां को अपने सेहत का खास ख्याल रखना पड़ता है क्योंकि जरा सी लापरवाही बच्चे पर भी बुरा असर करती है. सही खानपान, नियमित एक्सरसाइज और डॉक्टर से फॉलो अप के साथ-साथ प्रेग्नेंट महिलाओं को फोन से भी दूरी बनानी चाहिए.प्रेगनेंसी के दौरान मोबाइल फोन के इस्तेमाल से पेट में पल रहे बच्चे के विकास पर बुरा असर पड़ सकता है आइए जानते हैं एक एक्सपर्ट इस पर क्या कहते हैं.

शोध में ये बात आई सामने

रिपोर्ट के मुताबिक येल स्कूल ऑफ मेडिसिन में किए गए शोध में पाया गया है कि अत्याधिक मोबाइल रेडिएशन में अगर गर्भवती महिलाएं रहती हैं तो जन्म के बाद बच्चे को जीवन भर बिहेवियर प्रॉब्लम से गुजरना पड़ता है.यही नहीं इसकी वजह से गर्भ में पल रहे बच्चे के मानसिक विकास पर भी पुरा असर पड़ता है.बच्चे बचपन से ही काफी हाइपरएक्टिव हो सकते हैं.और उनका व्यवहार भी अन्य बच्चों की तुलना में ज्यादा उत्तेजित हो सकता है.ये खास कर गर्भावस्था के 2 से 18 सप्ताह के बीच नुकसान पहुंचा सकता है.

आपको बता दें कि इससे इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन निकलता है.ये वेव्स शरीर के डीएनए को डैमेज कर सकता है और हमारे शरीर में बन रहे जीवीत सेल्स के मोलक्यूल्स को बदल सकते हैं.ये आगे जाकर बच्चे के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है.महिलाएं लंबे समय तक रेडिएशन के संपर्क में रहती हैं तो इससे उनके दिमाग पर असर पड़ सकता है. नींद का पैटर्न गड़बड़ हो सकता है.इससे थकान, एंग्जाइती जैसी प्रॉब्लम हो सकता है.इससे याददाश पर भी असर पड़ सकता है.डेनमार्क में भी हुई एक स्टडी में सामने आया था कि जो महिलाएं डिलीवरी के पहले और बाद में स्मार्टफोन का ज्यादा इस्तेमाल करते थे उनके बच्चे में हाइपरएक्टिविटी और व्यवहार से जुड़ी समस्याएं थी.

प्रेग्नेंट महिलाएं फोन से कैसे बनाएं दूरी

*मोबाइल फोन पर बात करने के बजाए मेसेज में बात करें.

*इस दौरान ज्यादा सोशल मीडिया को स्क्रॉल करने से बचें.

*फोन पर बात भी करना है तो हैंड फ्री कर के ही बात करें ताकी शरीर के नजदीक रेडिएशन को कम किया जा सके..

*टाइम पास करने के लिए मोबाइल की जगह कोई किताब पढ़ें या बुनाई करें.

*फोन को हर वक्त अपने साथ लेकर नहीं रहें.

*सीरियल या मूवी फोन पर देखने के बजाए टीवी पर ही देखें.

*रात को सोते समय फोन को तकिया के नीचे रख कर ना सोएं.



## करीना और कियारा गुड न्यूज के बाद पर्दे पर फिर मचाएंगी धमाल

करीना कपूर और कियारा आडवाणी को आपने फिल्म गुड न्यूज में देखा होगा। अब ये दोनों अभिनेत्रियां फिर साथ आ रही हैं। इस बार उन्हें साथ ला रही हैं अश्विनी अय्यर तिवारी। चर्चा है कि दोनों साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। इस खबर के सोशल मीडिया पर आते ही उनके प्रशंसक भी खुश हैं। वे कियारा और करीना की नई फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, करीना और कियारा की इस फिल्म का निर्देशन अश्विनी कर रही हैं। यह एक बड़े बजट की फिल्म होगी, जिसमें करीना और कियारा मुख्य भूमिका में होंगी। पिछले 2 सालों में अश्विनी ने कई विषयों पर काम किया और 2 कहानियां उन्होंने फाइनल कर दी हैं। एक एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ और दूसरी बालाजी एंटरटेनमेंट के साथ। एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली फिल्म के लिए अश्विनी ने करीना और कियारा से बातचीत की है। फिल्म से जुड़े सूत्र ने एंटरटेनमेंट पोर्टल को बताया कि करीना और कियारा दोनों ने ही अश्विनी की इस फिल्म में खासी दिलचस्पी दिखाई है और दोनों ही इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। हालांकि, उन्होंने अभी पूरी स्क्रिप्ट नहीं सुनी है। इसके बाद ही वे फिल्म साइन करेंगी। वे बस यही जानकर बहुत खुश हैं कि उन्हें दोबारा साथ काम करने का मैका मिल रहा है। इसके अलावा कई दूसरी फिल्मों के लिए भी करीना-कियारा से बातचीत चल रही है। फिल्म जर्नलिस्ट हिमेश मानकंद ने जैसे ही यह खबर सोशल मीडिया पर साझा की, कियारा और करीना के प्रशंसक फूले नहीं समाए। एक यूजर ने लिखा, यह तो बहुत बड़ी फिल्म होने वाली है। एक ने लिखा, बस जल्दी ले आओ। एक ने लिखा, इस खबर ने दिन बना दिया। गुड न्यूज में दोनों को देख दिल खुश हो गया था। एक ने करीना और कियारा की तस्वीर साझा कर लिखा, दोनों सचमुच पर्दे पर आग लगा देंगी। गुड न्यूज 2019 में आई थी, जिसमें करीना की जोड़ी अक्षय कुमार के साथ तो कियारा की जोड़ी दिलजीत दोसांझ के साथ बनी थी। 70 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था। करीना जल्द ही फिल्म द क्रू में नजर आएंगी। इसके अलावा सिंघम अगेन उनके खाते से जुड़ी है। करीना निर्देशक सुजॉय घोष की वेब सीरीज डिवोशन में भी काम कर रही हैं। यह उनके करियर की पहली वेब सीरीज है। दूसरी तरफ कियारा जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म सत्यप्रेम की कथा में दिखेंगी। इस फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं।

# प्रोजेक्ट के से दीपिका पादुकोण का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज



अपकमिंग साइंस फिक्शन फिल्म प्रोजेक्ट के से दीपिका पादुकोण का लुक आखिरकार जारी किया गया। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले ही काफी चर्चा बटोर चुकी है और कई कारणों से हाल के दिनों में सबसे ज्यादा चर्चित भारतीय फिल्म बन गई है।सैन डिएगो कॉमिक-कॉन के आइकोनिक एच हॉल में अपने ग्रैंड डेब्यू करने के लिए तैयार प्रोजेक्ट के में इंडस्ट्री के कुछ सबसे बड़े सितारे शामिल हैं, जिनमें अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी शामिल हैं।प्रोजेक्ट के से दीपिका के ऑफिशियल फर्स्ट लुक ने फैंस को सरप्राइज कर दिया है। दीपिका एक लबादा पहने हुए हैं और किसी चीज को ध्यान से देखती हुई नजर आ रही हैं। पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए मेकर्स वैजयंती मूवीज ने लिखा, बेहतर कल के लिए एक उम्मीद जगी है। यह प्रोजेक्ट के से दीपिका पादुकोण हैं। नाग अश्विन ने दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाने के लिए प्रोजेक्ट के को कुशलतापूर्वक तैयार किया है, जहां साइंस फिक्शन मनोरंजक ड्रामा से मिलती है। प्रोजेक्ट के 12 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली लिए तैयार है।

## उर्फी जावेद की बहन उरूसा ने चॉकलेटी बदन के साथ बढ़ाया सोशल मीडिया का पारा



उर्फी जावेद का फैशन सेंस और यूनीक ड्रेसिंग सेंस सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। वहीं, उनकी बहनें भी इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से कहर बरपाए रहती हैं। उर्फी जावेद की छोटी बहन असफी जावेद भी अपनी फैंस को रिझाती रहती हैं। वहीं, उरूसा की लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए हुए हैं। खूबसूरती के मामले में उरूसा अपनी बहन उर्फी जावेद की तरह की बेहद ही ग्लैमरस और हॉट हैं। डिजिटल मार्केटर के तौर पर करियर बनाने वाली उरूसा जावेद ने व्हाइट कलर के क्रॉप टॉप और स्कर्ट में अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। इस आउटफिट के साथ एक्ट्रेस उरूसा ने अपनी बॉडी पर चॉकलेट को लगाया, जिनकी तस्वीरें देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। चॉकलेटी बदन के साथ उरूसा की तस्वीरों को देखकर फैंस की सांसें बढ़ गई हैं। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी एक झलक के दीवाने बने रहते हैं। उनकी तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो जाती हैं। बता दें कि उर्फी जावेद की कुल तीन बहनें हैं, जिसमें सबसे बड़ी उरूसा जावेद हैं, उरूसा मुंबई में खुद का बिजनेस चलाती हैं फैशन और स्टाइल में एक्ट्रेस उर्फी जावेद की बहन उरूसा भी कड़ी टक्कर देती हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं।

## शब्द सामर्थ्य -132

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 131 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |




# भ्रष्टाचार में लिप्त कांग्रेस, जनता को गुमराह ना करें: राजेश सिंह



**चर्चा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहां की नगर पालिका शिवपुर चर्चा में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं भेदभाव पूर्ण कार्यशैली को लेकर 20 जुलाई को भाजपा द्वारा धरना प्रदर्शन एवं घेराव किया गया था जिसमें हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं चर्चा की जनता शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं जिससे बौखलाहट में कांग्रेश जन उल जलूल बयान दे रहे हैं जब भाजपा की नगरपालिका में सरकार थी तब हमने भेदभाव किए बिना प्रत्येक वार्ड एवं गली मोहल्ले में जनता की अपेक्षा के अनुरूप मूलभूत कार्य कराया भाजपा के शासनकाल में जल आवर्धन योजना से घर घर में नल कनेक्शन ,भागीरथी नल जल योजना अंतर्गत निशुल्क नल कनेक्शन ,शहर में विद्युत पोल विस्तार किया गया, वार्ड नंबर 7 में गौरव पथ निर्माण, छठ घाट निर्माण, कई स्थानों में सामुदायिक भवन निर्माण, पुल निर्माण ,चर्चा में टावर चौक से विवेकानंद तक पाथवे कार्य ,कब्रिस्तान का बाउंड्री वाल निर्माण, मुक्तिधाम में सेंड निर्माण, नवीन नगर पालिका भवन निर्माण, हायर सेकेंडरी कन्या शाला भवन निर्माण सहित अनगिनत जनहितकारी निर्माण कार्य किए गए थे।

कांग्रेसियों के द्वारा कहा जाता है कि डेढ़ वर्षो में उन्होंने 22 करोड़ का कार्य कराएं हैं वह बताएं कि कौन से कार्य उन्होंने जनता के मूलभूत आवश्यकताओं के लिए किया है अच्छे खासे मुख्य सड़क पर रोड पर रोड बनाया गया जनता एवं शासन के पैसे का दुरुपयोग किया गया मुख्य सड़क एवं वार्डों में करोड़ों रुपयों का गुणवत्ता विहीन पतला थिकनेस का पाइप और स्ट्रीट लाइट लगाना शासन के पैसों का दुरुपयोग है जब कि उस पैसे का उपयोग वार्डों में जनता के मूलभूत सुविधाओं के लिए करना उचित था बाजार में पौनी पसॉरी योजना, स्वामी आत्मानंद विद्यालय भवन निर्माण , सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्रमांक 7 में पुल निर्माण, मटन शॉप ,छठ घाट में बिना छड के बनाया जा रहा पुल इत्यादि कई कार्य गुणवत्ता विहीन हुए हैं व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए जो जांच का विषय है पार्षद निधि के कार्यों में 30 से 35त्न तक कमीशन लेना कहां तक उचित है। पूर्व मंत्री भैया लाल राजवाड़े जी पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना अशोभनीय है पूर्व मंत्री के यहां न तो गाय हैं नहीं भैंस है कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर एवं अन्य आधुनिक संसाधनों से कृषि कार्य किया जाता है भूपेंद्र यादव जी को जब पूर्व मंत्री श्री भैयालाल राजवाड़े जी मंत्री रहे तो आपको चर्चा कॉलरी के अंडरग्राउंड खदान से बाहर निकालकर ड्यूटी दिलाई थी यह नहीं भूलना चाहिए यह व्यक्तिगत स्वार्थ नहीं निस्वार्थ कार्य है रही बात वार्ड नंबर 7 के पार्षद निधि चार लाख की वर्तमान पार्षद द्वारा आवेदन किया गया है कि वार्ड में पेयजल की गंभीर समस्या है पूरा वार्ड झोपड़ी का है एवं गलियां संकीर्ण है जहां टैंकर से आने जाने में असुविधा होती है इस हेतु अपने निधि से कुआं की साफ सफाई कर पंप लगाकर चबूतरा में टंकी के द्वारा पाइपलाइन से पानी सप्लाई कार्य कराया जाए जिसका कार्य अपूर्ण है व भुगतान नहीं हुआ है नगर पालिका शिवपुर चर्चा की जनता कांग्रेश के कार्यकाल में कितना भ्रष्टाचार गुणवत्ता विहीन कार्य हुआ है सब देख रही है आने वाले समय में इसका जवाब देने को आतुर है। नगर पालिका शिवपुर चर्चा के नेता प्रतिपक्ष व मंडल अध्यक्ष अरुण जयसवाल ने कहा कि पालिका के वार्डो में अधिकांश काम अधूरे पड़े हैं कांग्रेस जन झूठा आरोप लगाना बंद करें।





## प्रेमा बाग से निकली कांवर यात्रा छुरीगढ़ धाम पहुंचकर किया जलाभिषेक

**कोरिया/बैकुंठपुर।** सावन के तीसरे सोमवार को देवराहा बाबा सेवा समिति बैकुंठपुर के द्वारा भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रा का शहर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा एव शीतल पेय पिलाकर स्वागत किया गया। कांवड़ यात्रा में शामिल कावड़िये प्रेमा बाग स्थित गेज नदी से विधि विधान एवं पूजा अर्चना के साथ कांवड़ में जल भरकर छुरीगढ़ धाम के लिए रवाना हुए। गेरुआ वस्त्र पहने कांवरियों में जमकर उत्साह देखने को मिला बोल बम और हर हर महादेव के जयघोष से शहर गुंजायमान रहा। देवराहा बाबा सेवा समिति के द्वारा प्रेमा बाग मंदिर प्रांगण से संगीतमय माहौल के साथ कावड़ यात्रा रवाना हुई। जो मुख्य मार्ग बैकुंठपुर से बस स्टैंड और कुमार चौक होते हुए बाजार पारा बैकुंठपुर में प्रवेश कर एमएलए नगर के सामने से होते हुए छुरी पहाड़ पहुंची। जहां कांवड़ियों द्वारा लाए गए गेज नदी के जल से भोले बाबा का अभिषेक किया गया। इस दौरान शहर में कई स्थानों पर कांवडियों पर पुष्प वर्षा एव शीतल जल पिलाकर स्वागत किया गया।

## देवर ने की भाभी से मारपीट

**रायपुर।** सत्यनगर बीरगांव में पुरानी रंजिश के चलते देवर ने अपनी भाभी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया संतोषी रात्रे 23 वर्ष सत्यनगर बीरगांव की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी देवर गंगासागर ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## हाइवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर।** चरोदा स्थित मौर्या ढाबा के पास हाइवा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक रोशन महारा 30 वर्ष ग्राम निमोरा काा रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। तभी चरोदा स्थित मौर्या ढाबा के पास हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एनवी 6580 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया।

## बीएमएस के स्थापना दिवस पर काफी संख्या में लोगों ने ली सदस्यता



**चरचा कॉलरी।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ का 69 वा स्थापना दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन चर्चा कॉलरी के साकेत सदन भवन में मुख्य अतिथि मजरूल अंसारी उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ एवं कंपनी संचालन सदस्य, वैकल्पिक जेबीसीसीआई सदस्य एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह महामंत्री सुजीत सिंह कोषाध्यक्ष आशीष दुबे ,वरिष्ठ सदस्य शिव कुमार दुबे ,राम जी पांडे ,लक्ष्मी प्रसाद ,राजेश सिंह, बद्री मंडल की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि मजरूल अंसारी जी के द्वारा भारतीय मजदूर संघ के स्थापना काल से 69 वर्ष तक के अवधि में शून्यकाल से शिखर तक पहुंचने पर प्रकाश डाला गया एवं 11 वे वेतन समझौता को लागू कराने में कोल प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी जी की अहम भूमिका के बारे में बताया गया जानकारी देते हुए सदस्यता वृद्धि पर जोर देने की बात कही गई महामंत्री सुजीत सिंह जी के द्वारा भी कई बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए चिंता व्यक्त की गई कि गत वर्ष लगभग 400 मजदूरों का सिलेक्शन को हटाकर पदोन्नति का लाभ दिलाने के बावजूद भी चर्चा के कामगार साथियों की अपेक्षा अनुरूप सदस्यता नहीं प्राप्त हुई मजदूरों के अधिकार के लिए सतत प्रयास करते हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ की कार्यशैली, रीति नीति से प्रभावित होकर एटक यूनियन के एरिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य आरके मंडल इंटेक्स यूनियन के 25 वर्ष पुराने पूर्व सचिव सुशील शर्मा आरके चट राज प्रतीक श्रीवास्तव मुनेश्वर मनोहर तिर्की अमरनाथ अभिमन्यु अमर साहेब साए विवेक सिंह विपिन सिंह सुकू रविंद्र कुमार नंदलाल मांझी गोविंद सिंह नवीन खाखा शहीद सहित लगभग 62 लोगों ने संघ की सदस्यता ली जिन्हें मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा अंग वस्त्र प्रदान कर गर्मजोशी से स्वागत करते हुए तब तक सदस्यता दिलाई गई।

कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह के द्वारा सभी मंचासीन अधिकारियों को पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई और धन्यवाद ज्ञापित कर्तव्य सभा को समाप्ति की घोषणा की कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जितेंद्र श्रीवास्तव ,प्रवीण डेहरिया, राजेश सिंह, विनोद दुबे, विजय ,बिहारी राजवाड़े ,दीपक पटेल, राम सुमेर सिंह ,रामकिशन मौर्य आदि सक्रिय थे मंच का सफल संचालन बी.एल. गुप्ता के द्वारा किया गया।

## घर से सोने के जेवर पार

**रायपुर।** गांधी नगर मुर्राभट्टी में अज्ञात चोर ने घर के आलमारी से सोने का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी खिलेन्द्र कुमार ठाकुर 31 वर्ष गांधी नगर मुर्राभट्टी गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के घर से 11 जून से 23 जुलाई के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर के आलमारी में रखे सोने के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 1 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## बस की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की गई जान

**रायपुर।** भाठागांव सांई मंदिर के पास यात्री बस की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर टिकरापारा पुलिस ने बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## फर्जी रजिस्ट्री मामले पर विधानसभा में विधायक ने लगाया ध्यानाकर्षण

### राजस्व मंत्री ने मामले की जांच के लिए दिया आदेश



**मनेंद्रगढ़।** शहर के सबसे बड़े चर्चित जमीन की फर्जी रजिस्ट्री के मामले में मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल विधानसभा में ध्यानाकर्षण लगाया। आपको बता दे कि मनेन्द्रगढ़ के चैनपुर इलाके में सरकारी जमीन की रजिस्ट्री 12 जुलाई 2023 को भाजपा के नेताओं के द्वारा अपने नाम पर कर ली गई है । यह जमीन लगभग 22 एकड़ 87 डिसमिल है। विधायक डॉक्टर विनय ने बताया इस भूमि को भाजपा के नेता और उनके सहयोगियों तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से हुए जो फर्जीवाड़ा किया है उसमे कठोर से कठोर कार्रवाई हेतु उनके द्वारा विधानसभा में ध्यानाकर्षण लगाया गया । उनके द्वारा इस मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्व मंत्री और कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा गया है और उचित कार्रवाई की मांग की गई है। विधानसभा ध्यानाकर्षण पर छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने वक्तव्य में सारी बातों का जिक्र करते हुए कहा है कि प्रकरण की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

## आंगनबाडी केन्द्रो में रिक्त पदों को भरने के लिए जल्द होगी प्रक्रिया

### आवेदन 16 अगस्त तक आमंत्रित

**कोरिया।** एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना बैकुण्ठपुर के परियोजना अधिकारी ने बताया की जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर अंतर्गत आंगनबाडी केन्द्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के 18 रिक्त पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उन्होनें बताया कि आगनबाड़ी केन्द्र जामपारा, केनापारा, खोड़, कुम्हारपारा, सेमरपारा, बैगापारा, उरांवपारा, जनकपुर, कोरचाडांड, चोपन, बडेझूमरपारा, सोसायटीपारा, अहिरापारा, गोल्हासरई, पंड़ोपारा, मानापारा, खालपारा एवं बडगावं में सहायिका पद पर भर्ती की जाएगी है। इच्छुक उम्मीदवार 16 अगस्त 2023 तक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार कार्यालय एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना बैकुण्ठपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

## छत्तीसगढ़ की टीम ने तमिलनाडु की कार्यशाला में की अपनी भागीदारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के समाज सेवियों की टीम ने तमिलनाडु के मदुरई शहर में 'सामुदायिक अर्थव्यवस्था का उन्नयन' विषय पर आयोजित कार्यशाला में भागीदारी की । प्रोग्रेसिव यूटिलाइजेशन ऑफ रिसर्च एंड इकोनॉमिक्स (प्योर ) और डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट (दोस्त) नामक सामाजिक संस्थाओं के संस्थापक रायपुर के डॉ. सत्यजीत साहू ने कार्यशाला में छत्तीसगढ़ की परिस्थितियों के संदर्भ में किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए छत्तीसगढ़ मॉडल का ज़िक्र करते हुए कहा कि इसके सकारात्मक ,उत्साहवर्धक और अच्छे प्रभावों का अध्ययन किया जाना देश के लिए ज़रूरी है। डॉ तमिलनाडु प्रवास के दौरान डॉ. सत्यजीत साहू ने मोबाइल फोन पर आज यहाँ बताया कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की टीम तमिलनाडु में आम जनता के सामाजिक -आर्थिक विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का अध्ययन भी कर रही है। मदुरई में इस सामुदायिक कार्यशाला का आयोजन 'वालिंट्री एसोसिएशन फ़ॉर पीपल सर्विसेज़ 'और ' ग्रीनफेम ' तमिलनाडु ने किया । वालिंट्री एसोसिएशन फ़ॉर पीपल सर्विसेज़ के संस्थापक अरूल और ग्रीन फ़ेम के ईलामथी ने इस कार्यशाला को संचालित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक अर्थव्यवस्था में देश के गरीब और निचले तबके को भी पर्याप्त स्थान मिलना चाहिए। सामाजिक , नैतिक और सर्वभौमिक मूल्यों को दरकिनार करके सिर्फ़ लाभ कमाने की नीति ने दुनिया में विसंगतियों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने अहिंसक और शांतिपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए सबके सहयोग की ज़रूरत पर जोर दिया। कार्यशाला में रायपुर (छग) के ही सुनील शर्मा ने ग्रीनफैम के द्वारा आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ महिलाओं के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## युवक पर चाकू से हमला कर नकदी की लूट

**रायपुर।** संयासीपारा अंडरबृज के पास दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर नकदी 600 रुपए लूटकर फरार हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी डमरूधर राय 45 वर्ष संयासीपारा खमतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी पैदल जा रहा था। तभी अंडरबृज के पास एक्टिवा सवार दो युवक अमन दास एवं तनिष्क आया और प्रार्थी से मोबाइल छीनने लगे। जिससे मोबाइल नहीं छीन पाने पर आरोपियों ने प्रार्थी के जांघ पर चाकू से हमला कर प्रार्थी के जेब में रखे नकदी 600 रुपए लूटकर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने दोनों युवक के खिलाफ धारा 394 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## नशीले सामान के साथ आरोपी को पकड़ा पुलिस ने



**सूरजपुर।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला के द्वारा अवैध कारोबार करने वालों लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए जेल की सलाखो के पीछे भेजने तथा क्षेत्र में सूचना तंत्र को और मजबूत करने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। जिसके बाद से ही अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में जुटी हुई है। इसी क्रम में दिनांक 23.07.2023 को थाना भटगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक स्कूटी में 2 व्यक्ति नशीली दवाई लेकर बिक्री करने के लिए चंदौरा होते हुए जरही की ओर जा रहे है

सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना भटगांव की पुलिस टीम ने ग्राम जरही में घेराबंदी कर स्कूटी सहित अंजनी कुशवाहा पिता रामकिशुन कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी कटनेशा, थाना बसंतपुर, जिला बलरामपुर एवं राहुल शर्मा पिता साधुसरन शर्मा उम्र 29 वर्ष ग्राम जरही, थाना भटगांव को पकड़ा जिनके कब्जे से एविल इंजेक्शन 239 नग, नशीली टेबलेट 1800 नग, ब्रूफॉन इंजेक्शन 218 नग व रेक्सोजेसिक इंजेक्शन 20 नग जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रूपये है। मामले में नशीली दवाईयां व घटना में प्रयुक्त स्कूटी वाहन जप्त कर धारा 21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में हुई जिसमें थाना प्रभारी भटगांव फर्दीनंद कुजूर, एसआई सरफराज फिरदौसी, नवलकिशोर दुबे, एएसआई सुमंत पाण्डेय, संतोष सिंह, गुरू प्रसाद यादव, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, आरक्षक कमलेश्वर सिंह व विजय गुप्ता सक्रिय रहे।

## शराब घोटाला : अनवर ढेबर की अंतरिम जमानत हाईकोर्ट ने स्वीकारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने आरोपी अनवर ढेबर की जमानत याचिका स्वीकार कर ली है। बताया जाता है कि एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने जमानत की अर्जी स्वीकार की है। ज्ञात हो कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब दो माह पूर्व ही हजारों करोड़ों के इस स्कैम में मास्टर माइंड मानते हुए अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया था। ईडी इस मामले में रायपुर स्थित न्यायालय में लगातार कई तथ्य प्रस्तुत कर चुकी है। न्यायालय के आदेश पर ही अनवर ढेबर को जेल दाखिल किया गया था। सूत्रों की माने तो इस बीच ढेबर के वकील ने हाईकोर्ट में भी एक याचिका दायर कर दी थी। जिस पर लगातार सुनवाई हो रही थी। आज हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान ही कोर्ट ने ढेबर की जमानत अर्जी स्वीकार कर लिया है। इस मामले में अन्य आरोपियों के खिलाफ भी लगातार सुनवाई हो रही है।

## ऑनलाईन सट्टा में घाटा पूरा करने किया अपहरण : चार गिरफ्तार

**रायपुर।** ऑनलाईन सट्टा एप्प में हुए नुकसान की भरपाई करने अपहरण-फिरौती करने वाले 4 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ऑनलाईन सट्टा खिलाने वाले सौरभ चन्द्राकर, रवि उप्पल और दीपक नेपाली के लोगों ने सट्टे में हुए नुकसान की वसूली के लिए अपहरण करने और फिरौती वसूलने का षडयंत्र रचा। इसके बाद आरोपियों ने धमतरी पहुंचकर दो युवकों का अपहरण कर लिया और उन्हें अपने साथ ले आए। इधर गुम युवकों के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई तो पुलिस भी चौंकन्नी हो गई। क्राइम बीट के साथ पुलिस की टीम ने काफी गोपनीय तरीके से दोनों युवकों को बरामद करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, अपहरण में इस्तेमाल की गई कार, बाइक आदि जब्त कर लिया है। वहीं इनके फरार साथियों की सघनता से तलाश की जा रही है।





## सोलर सिंचाई पम्पों से खेतों में छायी हरियाली

**कोरिया।** सौर सुजला योजना से आज जिले के दुर्गम क्षेत्रों तक भी किसानों के खेतों में फसल लहलहा रही है। जिले में छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग द्वारा प्राप्त सोलर पम्पों से सिंचाई आसान हुई है।

विकासखण्ड बैकुंठपुर के ग्राम कुड़ेली के किसान सुखराम प्रजापति बताते हैं कि उनके पास लगभग 5 एकड़ कृषि योग्य भूमि है, पहले वे सीजन में गेहूं की फसल लगाते थे लेकिन नल तथा वर्षाजल के माध्यम से पर्याप्त सिंचाई नहीं हो पाती थी, जब से उनके खेत में 3 एचपी का सोलर पम्प लगा है तब से पूरे वर्ष खेतों में हरियाली रहती है, उन्होंने बताया की पंप लगने के बाद उनकी आमदनी 60000 से अधिक हो गई है।

जिससे वे बहुत खुश हैं। इसी तरह 5 एकड़ में धान तथा सब्जी की खेती कर रहे हैं। ग्राम केसगवा के मोहर लाल बताते हैं कि सोलर पम्प लगने से पहले खेतों में केवल धान ही लगा पाते थे, सोलर पंप लगने के बाद अच्छी खेती से आमदनी भी अच्छी हो रही है।

## अवैध शराब के साथ 6 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अवैध शराब बेचते 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 153 पाव देशी व अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 1060 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपी राहुल सोनी 33 वर्ष व कृष्णा ढीमर 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से 40 पाव अंग्रेजी शराब जब्त व नकदी 360 रुपए जब्त किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी चंदन मांडे 23 वर्ष के पास से 32 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 540 रुपए जब्त किया है।

## कुचैना मार्ग पर गड्ढे दुर्घटना को दे रहे न्योता

**कोरबा।** गेवरा-कुचैना मार्ग पर कुचैना मोड़ तथा बस्ती में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे दुर्घटना की सदैव आशंका बनी रहती है। जदयू नेता चंद्रभूषण महतो ने इस ओर गेवरा महाप्रबंधक तथा क्षेत्रीय विधायक पुरुषोत्तम कंवर का ध्यान आकृष्ट करते हुए मार्ग के तत्काल मरम्मत की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि मार्ग की हालत काफी जर्जर है। इस ओर कई बार संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया लेकिन मार्ग के मरम्मत के लिए किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। मार्ग में जगह-जगह गड्ढे होने के कारण आवागमन में काफी परेशानी हो रही है।

### चोर गिरोह पकड़ाया

**कोरबा।** सिविललाईन पुलिस के कब्जे में चोर गिरोह के सदस्य आये हैं। पुलिस को इनके बारे में जानकारी मिली थी। चौकाने वाली बात यह पता चली कि किसी भी क्षेत्र से बाइक की चोरी करने के बाद उसे चोर आसपास में फेंक देते थे। पुलिस ने ऐसी कुछ बाईक जप्त किये है।

# लूटपाट में असफल हुए तो दो युवकों को जख्मी किया लुटेरों ने

## कनकी मार्ग पर हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** सावन में खासतौर पर रात्रिकाल को देवदर्शन करने की आपकी योजना है तो बेहद सतर्कता बरतना होगा। कारण यह है कि ऐसे रास्तों पर अराजक तत्व अपने मंसूबों को अंजाम देने के लिए सक्रिय हैं। कनकी पेट्रोल पंप के पास रात्रि को करीब एक दर्जन युवकों के हमले में दो युवक बुरी तरह से घायल हो गए। उनका दोष इतना था कि लूटपाट करने पर आपत्ति जताई थी। पुलिस इस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही है।

कोरबा शहर से लगभग 18 किमी दूर पिछली रात्रि को यह घटना हुई। खबर के अनुसार 10 से अधिक आरोपियों ने इस रास्ते पर लूटपाट की घटना को अंजाम देना चाहा। इस मार्ग से आने-जाने वाले कई लोगों को उन्होंने निशाने पर लिया और महंगा सामान लुटने की योजना बनाई। ऐसे ही एक मामले में बाइक पर आए दो युवकों को रोककर वाहन व मोबाईल लूटने का प्रयास किया। मारपीट करने वाले आरोपी कोरबा स्थित सीमागढ़ी ईलाके के बताए जा रहे है। वारदात में कटघोरा में रहने वाला पीड़ित संजय कुमार कोरबा निवासी



अपने साथी शत्रुहन केंवट घायल हुआ है जो भोले बाबा के दर्शन हेतु कनकी जा रहे थे। पेट्रोल पंप के पास आरोपियों ने दोनों को रुकवाया लेकिन नहीं रुके। कुछ दूर जाकर दोनों ने जब अपनी बाइक रोकी तब आरोपी दोनों पर टूट पड़े। पीड़ितों को पीट और कई हिस्सों में चोटें आई है। मारपीट होते देख यहां से निकलने वाले कुछ राहगीरों ने जब संज्ञान लिया तो आरोपी भाग खड़े हुए। मारपीट की घटना में संजय को अधिक चोट लगी है। अस्पताल में उपचार करने के बाद दोनों उरगा थाना पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आईपीसी की धाराओं के अंतर्गत आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। उसके बारे में मिली जानकारी के आधार पर टीमें सक्रिय की गई है जो उनकी तलाश करने में लगी है।

### चोरी के कई मामले अब तक हैं अनसुलझे

विभिन्न क्षेत्रों में छोटी-बड़ी चोरियों से संबंधित कई प्रकरण लंबे समय के बाद भी हल नहीं हो सके हैं। मामला दर्ज करने के साथ पुलिस इस सिलसिले में जांच कर रही है। स्थिति यह है कि न तो आरोपी मिले और न ही सामान। कोरबा शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसाबाड़ी में 29-30 जून 2020 की रात विकास अग्रवाल के आवास पर हुई 30 लाख की चोरी का मामला इस कड़ी में पहेली बना हुआ है। पांच टीमों के द्वारा जांच-पड़ताल और कई दर्जन सीसीटीवी कैमरे को चेक करने के बाद भी नतीजे अप्राप्त हैं। इसके अतिरिक्त शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी से संबंधित ऐसे कई प्रकरण में अनुसंधान की दिशा बदली गई है ताकि आरोपियों को दबोचने में सफलता प्राप्त हो। जानकारी मिली कि चोरों के द्वारा अपनाए जा रहे नए पैतरों को काटने के लिए पुलिस उनके ही अंदाज में काम कर रही है। इसके लिए नेटवर्क की मजबूती के साथ-साथ गुप्तचरों को भी एडवांस किया जा रहा है। माना जा रहा है कि यह सब करने के फायदे लक्ष्य प्राप्ति में हो सकते हैं।

# कनकी में उत्पाती बंदर से प्रवासी पक्षियों को खतरा, वन विभाग रेस्क्यू करने में जुटा

**कोरबा।** जिले के कनकेश्वर धाम कनकी में एक उत्पाती बंदर पहुंच गया है, जिससे श्रद्धालुओं के साथ-साथ प्रवासी पक्षियों एशियन ओपन बिल स्टार को खतरा बना हुआ है। उत्पाती बंदर अपने उत्पात से मंदिर पहुंचने वाले भक्तों को परेशान कर रहा है। साथ ही प्रवासी पक्षियों के अंडों को भी घोषले से गिरा नष्ट कर दे रहा है। पक्षियों को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर इस उत्पाती बंदर को रेस्क्यु करने के प्रयास में जुट गया है। इस प्रयास में अमला पिछले दो दिनों से यहां लगा हुआ है। लेकिन बंदर अमले की जाल में नहीं फंस रहा है। लगातार चकमा देते हुए कुद कर एक पेड़ से दूसरे पेड़ पहुंच जा रहा है।

ज्ञात रहे दक्षिण भारत तथा श्रीलंका सहित अन्य देशों से प्रतिवर्ष पवासी पक्षियों का दल जून के मध्य में मानसून शुरू होने से पहले यहां पहुंचता है और चौमासा बीताने के बाद अक्टूबर-नवंबर माह में वापस लौट जाते हैं। ग्रामीण इसे देवदूत मानते हैं और उनकी सेवा करते है। वन विभाग भी प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाता है। जिसमें पक्षियों के प्रजनन काल में बच्चे पैदा होने पर उसकी सुरक्षा के लिए पेड़ों के नीचे जाल भी लगाता है। इन दिनों हजारों की संख्या में प्रवासी



पक्षी पहुंचे हैं तथा उनका प्रजनन काल भी शुरू हो गया है। यहां पेड़ों पर घोषला बनाकर पक्षी अंडे दे रहे हैं। इन अंडों को यहां पहुंचे एक उत्पाती बंदर से खतरा पैदा हो गया है। उत्पाती बंदर पक्षियों के घोषला को गिराने के साथ ही अंडों को भी नष्ट करना शुरू कर दिया है। जब इसकी जानकारी वन विभाग को मिली तो वन विभाग ने उत्पाती बंदर को रेस्क्यु करने का फैसला लेते हुए अपने अमले को कनकी भेजा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कनकी पहुंचे वन अमला पिछले दो दिनों से उत्पाती बंदर को पकड़ने की कोशिश कर रहा है लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल पा रही है।

## एसडीओपी त्रिवेदी भेजे गए बस्तर

**कोरबा।** लगभग तीन वर्ष से कटघोरा सबडिविजन में कार्यरत एसडीओपी ईश्वरचंद त्रिवेदी को सरकार ने बस्तर स्थानांतरित कर दिया है। हाल में ही जारी आदेश में उन्हें कटघोरा से बस्तर भेजे जाने की जानकारी सार्वजनिक हुई। उनके स्थान पर बस्तर से ही एक राजपत्रित अधिकारी पंकज ठाकुर की पदस्थापना की गई है।

## सेवा सदन में समर्पण कार्यक्रम आज

**कोरबा।** कुआंभट्ठा स्थित विवेकानंद सेवा सदन में आज शाम 5 बजे वर्ष 2023 का अंतिम गुरु पूजन व समर्पण कार्यक्रम रखा गया है। आरएसएस के जिला संचालक किशोर बुटोलिया यहां मुख्य वक्ता होंगे। जिला कार्यवाह ने बताया कि अब तक उपस्थिति से वंचित सदस्य इस कार्यक्रम में अपेक्षित हैं। संबंधितों को इस बारे में सूचित किया गया है।

# चेन्नई से लौटे कामगार ने सदमे में लगाई फांसी

### भाई घर घटना को दिया अंजाम

### खाता खुलवाने गया था मोरगा

**कोरबा।** तमिलनाडू की राजधानी चेन्नई से लौटे एक कामगार ने अपने भाई के घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मर्ग कायम करने के साथ मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मिली जानकारी के अनुसार कोरोना काल में विगत 2019-20 के दौरान कोरबा के पसान थाना क्षेत्र के कोरबी चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम मिसिया से चेन्नई में एक बोर कंपनी में संतराम गोड़ उम्र 48 पिता बुद्धा सिंह गोड़ कार्य करने गया था। वहां से लौटने के बाद वापस घर आया था। पिछले वर्ष भी वहां गया था। चेन्नई से लौटते वक्त कई माह वह बंगलौर , कर्नाटक में ही एक फैक्ट्री में बतौर असंगठित कामगार के रूप में काम करते रहा। इस दौरान उसने 80 हजार रूपए वहां एसबीआई में जमा किया था। वहां से तीन माह पूर्व वह लौट कर कोरबा अपने गृहग्राम मिसिया पहुंचा था। यहां उसे रूपयों की आवश्यकता महसूस होने पर चेन्नई एवं बंगलौर दोनों जगह से बचत कर बैंक में जमा किये गए रूपये को निकालने के लिए प्रयास किया तो एसबीआई का शाखा नहीं होने के कारण अपने छोटे भाई अर्जुन सिंहउम्र 35 के यहां मोरगा चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बोटोपाल कल सुबह पहुंचा।

बताया जाता है कि यहां भी उसे बैंक में खाता खुलवाने में कुछ दिक्कतें आयी तो मोरगा से वापस अपने भाई के घर कल अपरान्ह 4 बजे के लगभग निराश होकर पहुंचा। भाई के परिवार के सदस्य इधर-उधर काम में व्यस्त हो गए तो उसने घर के पटाव में लायलोन की रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर अपनी ईह लीला समाप्त कर लिया। शाम को 5 बजे के लगभग उसका भाई अर्जुन सिंह ने देखा कि बड़े भाई ने फांसी लगा लिया है तो इस घटना की सूचना उसने ग्राम कोटवार के साथ मोरगा चौकी पहुंचकर दिया। मोरगा चौकी प्रभारी अश्वनी निरंकारी ने घटना स्थल पहुंचकर मृतक के शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद उसे फंदे से उतरवारकर उसे पीएम के लिए पोड़ी उपरोड़ा सीएचसी के चीरघर भिजवा दिया।

# आक्रामक हुए हाथियों ने गेरांव में रौंदा धान का थरहा

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा अंतर्गत कुदमुरा रेंज के वन परिसर चचिया से पसरखेत के रास्ते पहुंचे हाथियों के दल ने कोरबा रेंज में उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। बीती रात हाथियों का दल जंगल से बाहर निकला और गेरांव गांव में ग्रामीणों की खेतों में पहुंचकर उत्पात मचाते हुए वहां लगे धान के थरहों को रौंद दिया जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों द्वारा खेतों में पहुंचकर थरहा रौंदे जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला आज सुबह मौके पर पहुंचा और हाथियों द्वारा रात में किये गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। जिसे रेंजर को सौंपा जाएगा। रेंजर इसे प्रकरण बनाकर मुआवजा स्वीकृति के लिए वन मंडलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। चूंकि हाथियों के दल ने अब उत्पात मचाना शुरू कर दिया है इसलिए वन विभाग ज्यादा सतर्क हो गया है। ग्रामीणों को मुनादी कराकर लगातार सावधानी बरतने पर जोर दिया जा



रहा है। इस दल में 12 हाथी हैं जो गेरांव क्षेत्र में सोमवार तड़के पहुंचे हैं।

## नहर पुल का निर्माण जारी

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा कुसमुंडा-उरगा बायपास का निर्माण कराया जा रहा है। इस पर एक जगह दायीं तट नहर में पुल बन रहा है। चूंकि इसका दारोमदार नहर पर है इसलिए सुरक्षा के लिहाज से जल संसाधन विभाग लगातार निगरानी में लगा हुआ है। विभाग के एसडीओ एस एन साय ने बताया कि अधिकारियों के द्वारा क्रमिक रूप से निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में खरीफ सीजन की फसलों के लिए नहर से पानी की आपूर्ति की जा रही है। इस स्थिति में यहां पर चल रहे पुल के निर्माण से नहर को किसी भी तरह का नुकसान न होने पाए यह सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्माण एजेंसी को भी इस बारे में भलीभांति अवगत कराया गया है।

### भाजपा कोर ग्रुप की बैठक आज से शुरू

**कोरबा।** भाजपा विधानसभा स्तरीय कोर ग्रुप की बैठक आज से शुरू हो गई है। कटघोरा विधानसभा स्तरीय बैठक वर्चुअल के माध्यम से प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय के द्वारा ली जाएगी। इस बैठक में पूर्व विधायक लखनलाल देवांगन, वरिष्ठ नेता ज्योतिनंद दुबे, हरिश थरवानी, सूर्यप्रकाश शर्मा, लक्ष्मीकांत जगत, धन्नू दुबे सहित अन्य सदस्य शामिल होंगे।

## अलौकिक सुख की प्राप्ति का माध्यम है भागवत कथा- शास्त्री

***कोरबा।*** मारवाड़ी ब्राह्मण महिला मंडल एवं मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में परशुराम भवन दुरपा रोड कोरबा में श्रीमद भागवत गंगा प्रवाह कथा भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई। जिसमे व्यासपीठ से पंडित भूषण कृष्ण शास्त्री जी अपनी संगीतमयी सुमधुर वाणी से श्रोताओं को कथा का रसपान करा कर जीवन में श्रीमद भागवत गंगा प्रवाह कथा के माध्यम से आनंद एवं परमानन्द की प्राप्ति का उपाय बता रहे हैं। कथा के प्रथम दिवस श्रीमद भागवत की महिमा का वर्णन करते हुए व्यासपीठ से पंडित भूषण कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा करने अथवा सुनने से न केवल मनुष्य को औलोकिक सुखों की प्राप्ति होती है बल्कि हर प्रकार के कष्ट दूर हो जाते है। समिति के कार्यकारिणी सदस्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया की यह श्रीमद भागवत गंगा प्रवाह कथा 23 जुलाई से परशुराम भवन दुरपा रोड कोरबा में प्रतिदिन मध्यान्ह 3 बजे से हरी इच्छा तक चलेगी। 29 जुलाई को तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा, हवन, पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद के साथ विश्राम दिया जाएगा। । आयोजन में मारवाड़ी ब्राह्मण महिला मंडल एवं विकास समिति के पदाधिकारी तथा सदस्यों के अलावा ज्योतिर्यज्ञाचार्य पंडित सत्यम भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित होकर अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं ।







**श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बन रहे रिकार्ड :** औद्योगिक जिले कोरबा के प्राचीन कनकेश्वरधाम महादेव मंदिर में सावन पर मेले के साथ अनुष्ठान आयोजित किये जा रहे हैं। इस वर्ष पुरुषोत्तम मास के संयोग के साथ दो सावन होने से श्रद्धालु उत्साहित हैं। यहां पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति के नए रिकार्ड कायम हो रहे हैं। न केवल सोमवार बल्कि सामान्य दिनों में भी श्रद्धालुओं की बेहतर उपस्थिति और दर्शन पूजन में भागीदारी से मंदिर समिति उत्साहित है।

## श्रीमाली का 28 को नगर आगमन

**कोरबा।** गुरूदेव अरविंद श्रीमाली का नगर आगमन 28 जुलाई को हो रहा है। वे 29 जुलाई को विद्युत मंडल जूनियर क्लब में आयोजित साधना शिविर में शामिल होंगे और गुरूदीक्षा के अलावा विशेष दीक्षा प्रदान करेंगे। जिसकी तैयारी व्यापक रूप से की जा रही है। नगर में स्वागत के लिए झंडे लगाने का काम शुरू हो गया है। इसके अलावा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उनके आगमन पर धनीराम साहू हरिश राजवाड़े, नारद कंवर, एसआर जगत, सुरेश सोनी, घनश्याम बरेठ, श्रीराम साहू, सीयाराम बरेठ के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा।

# नाराज विस्थापितों ने प्रदर्शन के साथ लगाया ताला

### एसईसीईएल से जुड़ी हुई है समस्याएं कुसमुंडा में

**कोरबा।** एसईसीएल प्रबंधन की परेशानियां थमने का नाम नहीं ले रही। अपनी मांगो को लेकर भू-विस्थापित प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है। एक बार फिर से 9 सुत्रीय मांगो को लेकर भू-विस्थापित एकजुट हुए और कुसमुंडा जीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया। इसके बाद उनके द्वारा खदान के भीतर भी प्रदर्शन करते हुए उत्पादन और परिवहन के कार्य को ठप्प करवा दिया गया।

कोरबा में एसईसीएल प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ भू विस्थापित एक बार फिर से एकजुट हो गए हैं 9 सूत्री मांगों को लेकर उनके द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया जा रहा है कुसमुंडा जीएम कार्यालय के सामने तालाबंदी कर भू विस्थापित नारेबाजी कर रहे हैं इसके बाद उनके द्वारा खदान को भी बंद करा दिया



गया। अपनी मांगों को लेकर भू विस्थापित पिछले लंबे समय से आंदोलनरत हैं लेकिन उनकी मांगों को लेकर अब तक किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई यही वजह है कि वे एक बार फिर से मुखर हो गए हैं और प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है भूविस्थापितों के आंदोलन को व्यापक जन समर्थन भी मिल रहा है छत्तीसगढ़ किसान सभा के साथ ही भी विस्थापित रोजगार एकता संघ भी प्रदर्शनकारियों का साथ दे रहा है।

## वेलफेयर कमेटी सदस्यों का गेवरा दौरा

**कोरबा।** एसईसीएल कंपनी के वेलफेयर कमेटी सदस्य आज गेवरा पहुंच गए हैं। टीम में शामिल बजरंगी शाही, संपत शुक्ला, देवेन्द्र निराला सहित सभी सदस्यों के द्वारा चिकित्सालय व कालोनी का निरीक्षण किया जाएगा।

**जमीन खरीदी-बिक्री**
ओम श्रीहरि
कोरबा के किसी भी लोकेशन में जमीन/मकान/बेजा कब्जा घर /रजिस्ट्री-डायवर्सन प्लॉट खरीदी/ बिक्री के लिए संपर्क करें।
रविन्द्र राव
82510-12645

**आवश्यकता है**
HOTEL SHREE MAHARAJA
T.P.NAGAR, KORBA 495677
ACCOUNTANT - 2 POST
COMPUTER OPERATOR - 2 POST
अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
CONTACT NO.
91798-66466

**प्लॉट बेचना है**
ग्राम पताड़ी में 71 डिसमिल रजिस्ट्री प्लॉट शीघ्र बेचना है।
संपर्क करें
रविन्द्र राव
82510-12645




होटल देवांश
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
नॉन AC डबल बेड 800/-
लक्जरी रूम
नॉन AC सिंगल बेड 650/-
Behind Tarun Chhattisgarh, Kunwabhatta, T. P. Nagar, Korba (C.G.)

होटल आकाश
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
लक्जरी रूम
Tilak Marg, Budhwari Bypass Road, T. P. Nagar, KORBA, Dist. Korba (C.G.) 495 677

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com